


RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | गुरूवार, 02 जनवरी 2025 | वर्ष: 02, अंक: 318, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## नए साल पर किसानों को केंद्र सरकार का तोहफा

### केंद्रीय कैबिनेट ने फर्टिलाइजर पर सब्सिडी दी; फसल बीमा का बजट बढ़ाकर 69516 करोड़ किया

### डीएपी खाद का 50 किलोग्राम का बैग 1350 में मिलता रहेगा

**नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार ने** साल के पहले दिन किसानों के लिए बड़े फैसले किए हैं। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ फर्टिलाइजर पर सब्सिडी जारी रहेगी। डीएपी खाद का 50 किलोग्राम का बैग पहले की तरह 1350 रुपए का मिलता रहेगा। कैबिनेट ने डीएपी खाद बनाने वाले कंपनियों को 3850 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी देने का ऐलान किया गया है। फसल बीमा योजना का आवंटन बढ़ाकर 69516 करोड़ रुपए कर दिया गया है। फसल बीमा न देने पर पेनल्टी नहीं लगाई जाएगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि जगत में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी को विस्तार देने के लिए 824.77 करोड़ रुपए के बजट का भी आवंटन किया है। मौसम सूचना और नेटवर्क डेटा सिस्टम पर भी काम होगा कैबिनेट ने वेदर इंफॉर्मेशन से जुड़े प्रोजक्ट पर भी मंजूरी दी है। मौसम सूचना और नेटवर्क डेटा सिस्टम में ब्लॉक स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम और पंचायत स्तर पर ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित किए जाएंगे। 9 प्रमुख राज्य WINDS को लागू करने की प्रक्रिया में हैं (जिसमें केरल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, असम, ओडिशा, कर्नाटक, उत्तराखंड और राजस्थान शामिल हैं), अन्य राज्यों ने भी इसे लागू करने की इच्छा जताई है।

**6 दिसंबर:** देश में 85 केंद्रीय और 28 नवोदय विद्यालय खोले जाएंगे केंद्रीय मंत्रिमंडल की शुक्रवार को दिल्ली में बैठक हुई थी। इसमें 85 केंद्रीय विद्यालय, 28 नवोदय विद्यालय (ठश) और दिल्ली मेट्रो के रिठाला-कुंडली कॉरिडोर के कंस्ट्रक्शन को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- देश में 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नवोदय विद्यालय बनाए जाएंगे। नवोदय विद्यालय उन जिलों में बनेंगे, जो अभी तक नवोदय विद्यालय स्कीम में नहीं थे। वैष्णव ने कहा- नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए पीएम श्री स्कूल योजना लाई गई है।





### नया साल किसानों को समर्पित-शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली**

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि नये साल को सरकार ने किसानों को समर्पित किया है। बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज कैबिनेट ने किसानों के हित में 3 बड़े फैसले लिये हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी है, जिसका कुल बजट 69,515.71 करोड़ रुपये है। इस निर्णय का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ किसानों को जोखिम कवरेज प्रदान करना है। मंत्रिमंडल ने बीमा योजना में प्रौद्योगिकी सुधार के लिए 824.77 करोड़ रुपये आवंटित करने के साथ, नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष की स्थापना को मंजूरी दी है।



### नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए फंड के निर्माण को भी मंजूरी दी




**सूचना** एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीसीईए की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक के लिए एकमुश्त विशेष पैकेज को जनवरी-दिसंबर, 2025 की अवधि के लिए मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने कहा कि सरकार के इस कदम का उद्देश्य किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। मंत्रिमंडल ने किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 01.01.2025 से 31.12.2025 तक की अवधि के लिए एनबीएस सब्सिडी से परे डाय-अमोनियम फॉस्फेट पर एकमुश्त विशेष पैकेज को मंजूरी दी है। इसके तहत किसानों को डीएपी का 50 किलोग्राम का बैग 1,350 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। पीएम फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को कैबिनेट ने 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। 2021-22 से 2025-26 तक योजना पर 69,515.71 करोड़ का कुल व्यय होगा।

कैबिनेट ने नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए फंड के निर्माण को भी मंजूरी दे दी है। 824.77 करोड़ प्रोफाइल फंड का उपयोग योजना के तहत तकनीकी पहलों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

### मणिपुर में तड़के सुबह पहाड़ी से बरसे गोले

**इंफाल**

**मणिपुर** में बुधवार तड़के संदिग्ध उग्रवादियों ने इंफाल जिले के कदांगबंद इलाके में हमला किया। कांगपोकपी के पहाड़ी इलाकों से उग्रवादियों ने देर रात करीब एक बजे निचले इलाके में अत्याधुनिक हथियारों से कई राउंड गोलीबारी की और बम फेंके।

**हमले में कोई घायल नहीं**

गांव में तैनात वालंटियर ने भी जवाबी कार्रवाई की। लेकिन हालात को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को क्षेत्र में भेजा गया। हालांकि पुलिस ने गोलीबारी में किसी के घायल होने की सूचना नहीं दी है। पुलिस ने बताया कि हमले के बाद गांव के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। राज्य में मई 2023 में भड़की हिंसा के बाद से कदांगबंद इलाके में कई बाद संदिग्ध उग्रवादियों ने हमले किए हैं।

### '2025 आपके लिए खुशियां लेकर आए: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**

नए साल 2025 का आगाज हो चुका है। दुनियाभर में नए साल का जश्न मनाया जा रहा है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने भी देशवासियों









4

1

## 62 लाख रुपए की मार्फिन बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक** बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्कर के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुर्सी पुलिस द्वारा बुधवार को मादक पदार्थ तस्कर/ अभियुक्त अलीम उर्फ नान्हू पुत्र नसीम उर्फ वसीम निवासी सेक्टर जी 3 मजार, थाना अलीगंज जनपद लखनऊ को अंसार नगर, कुर्सी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 615 ग्राम अवैध मारफीन (अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 62 लाख रुपए) बरामद किया गया।

## जैदपुर पुलिस ने एक तस्कर को दबोचा मॉर्फिन बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी ।**
पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जैतपुर पुलिस क्षेत्र में अवैध मार्फिन की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर जल भेज दिया।

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्त मकसूद उर्फ कल्लू पुत्र रहमत अली निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को ग्राम मकबूलगंज के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 105 ग्राम अवैध मारफीन बरामद किया।

## नाजायज चाकू बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी। थाना दरियाबाद पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्त राजू पुत्र जसकरन निवासी मो0 बरवारी थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद कर थाना दरियाबाद पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्त जुबैर अहमद पुत्र स्व0 यूनुस अहमद निवासी ग्राम अहमदपुर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद किया।

## 5 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ पोस्ता छिलका बरामद







**सबसे तेज प्रयागराज**
**बाराबंकी। कप्तान** दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर कुर्सी पुलिस ने अवैध पोस्ता का छिलका के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया। थाना कुर्सी पुलिस द्वारा देर रात को अभियुक्त मो0 रफीक उर्फ बब्लू पुत्र मो0 सिद्दीक निवासी बांस मण्डी थाना अलीगंज जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 05 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ पोस्ता छिलका बरामद किया गया।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार,अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर धोनी कटरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो आरोपी को गिरफ्तार कर तमंचा कारतूस बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्तगण हेमराज पुत्र भगवानदीन निवासी ग्राम हसवापुर मजरे खैराकनकू थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी, अतुल मिश्रा पुत्र मुन्नू मिश्रा निवासी खैराबीरू थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 अदद अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

## महिलाओं को स्वयं की सुरक्षा के प्रति किया जगरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक**, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित मिशन शक्ति पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

# वृद्ध आश्रम में फल फ्रूट, वस्त्र वितरण कर पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह को समर्पित किया नया साल- गौरव पाण्डेय

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । बुधवार को** कांग्रेस के सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी के साथ वृद्ध आश्रम ओसा चौराहा मंझनपुर जाकर माता-पिता तुल्य बुजुर्गों को फल फ्रूट वस्त्र वितरण कर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के यादों में नया साल समर्पित किया।कौशांबी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के द्वारा किए गए कार्यों को बताया और कहा कि देश के अर्थशास्त्री एवं इस देश को नई पहचान व नई दिशा दिलाने वाले ऐसे हमारे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको या नया साल समर्पित करता हूं ! और वृद्ध आश्रम के संचालक आलोक राय जी को विशेष आभार जिला अध्यक्ष ने प्रकट किया।राजेश साहनी प्रदेश सचिव प्रभारी कौशांबी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी




को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके विचारों को जनता तक पहुंचाया। इस मौके पर कौशांबी कांग्रेस के नेता नायर रिजवी ने सभी वृद्धो को प्रणाम करते हुए डॉ मनमोहन सिंह जी के कार्यों जैसे मनरेगा, पळ्क , भूमि अधिग्रहण अधिनियम कार्यों को बताया। मैं अपनी सच्ची श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आप सबको नव वर्ष की बहुत-बहुत बधाई देता हूं ।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने कहा इस देश में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने नई ऊंचाई तक पहुंचाया है, केंद्रीय विश्वविद्यालय आईआईटी एआईआईएमएस एवं तमाम शैक्षिक संस्थान का निर्माण वह शिक्षा का अधिकार कानून जैसे कार्यों को हमारे पूर्व प्रधानमंत्री जी ने इस देश में किया था पूर्व प्रधानमंत्री जी द्वारा कही गई बात हजारों "जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी है " इस बात हो उन्होंने कर के दिखाया है ऐसे महान पुरुष को मैं नया साल समर्पित करता हूं। पूर्व सचिव राम बहादुर त्रिपाठी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया !इस अवसर पर जिला महासचिव राम सूरत रैदास ने बुजुर्गों को फल वितरण कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अमर रहे नारे के साथ उनके कार्यों को बताया और उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी जी, जिला उपाध्यक्ष अकरम जका जी, नूरुत जमा, हेमंत रावत, जितेंद्र शर्मा, अजय सेन, छोटे लाल, दीपक शर्मा, सचिन पाण्डेय, सोशल मीडिया सचिव मोहम्मद मसरूफ उर्फ शारूख, मोहम्मद असद, कशीब हसन, मो अकीब, वकार, बिलाल, फैजी, नानू तिवारी, मोहम्मद शकील, बिलाल हसन, गोपाल पाल, भीम पाल, अमृता लाल, इंदर पाल, रामदास, बाबू लाल, बीफई लाल, सिकंदर सिंह, आलोक त्रिपाठी, अनिल सेन लगभग सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस से कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# गोष्ठी कर पुलिस कर्मियों को दिए निर्देश




**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा महाकुम्भ मेला गंगान**गर-जोन में नियुक्त अधिकारियों के साथ महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत स्थित उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में बाह्य जनपद से आये पुलिस बल को अधिक कार्यकुशल व दक्ष बनाने हेतु भीड़ नियंत्रण, यातायात, व्यवस्थापन विन्यास एवं आपात राहत सम्बन्धी गोष्ठी आयोजित कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# 246 लीटर अवैध शराब के साथ 10 अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के** निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 246 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त सुमन पत्नी राम सवारे नि० महेवाघाट थाना महेवाघाट,रामसागर उर्फ केवट पुत्र राम विशुन नि० घोघपुर थाना महेवाघाट,रामनरेश पुत्र झुंझु नि० कुन्दनपुर थाना पिपरी,बुद्धराम पुत्र दयाराम नि० निदुरा थाना सैनी, नन्हऊ पुत्र छेदी लाल नि० अन्धावा थाना महेवाघाट, रमेश सरोज पुत्र छोटे लाल सरोज नि० बक्सी का पुरा थाना पश्चिम शरीरा, तरुण उर्फ पप्पू पुत्र बृजलाल नि० बडका गढ़वा मजरा कोसम इनाम,मीनू देवी पत्नी रामलोचन नि० नन्दा का पुरा थाना सराय अकिल,बराती लाल सरोज पुत्र राम खेलावन नि० भानीपुर थाना कड़ा धाम,बली पुत्र स्व० महावीर निवासी आलमचन्द्र थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 13 अभियुक्त गिरफ्तार



**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 03, थाना करारी से 01, थाना सराय अकिल से 03, थाना चरवा से 02, थाना संदीपनघाट से 02, थाना कड़ाधाम से 02) कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## डीएम ने वन स्टाप सेन्टर का किया औचक निरीक्षण

### जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान आवासित पीड़िताओं को किया कम्बल वितरति

**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । डीएम** मधुसूदन हुल्गी ने महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित वन स्टाप सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेन्टर में 04 पीड़ितायें आवासित पायी गयी। उन्होंने वन स्टाप सेन्टर में पीड़िताओं को प्रदान की जाने वाली आवश्यक सेवाओं तथा पीड़िताओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने पीड़िताओं के उपयोग के लिए उन्हें कम्बल वितरित किया।





जिलाधिकारी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में 50 सैया क्रिटिकल केयर ब्लॉक के हो रहें निर्माण कार्य की प्रगति को देखा। निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समन्यातर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को दिये।

## पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**
**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को पॉक्सो एक्ट थाना ललौली से संबंधित वांछित अभियुक्त धर्मेद्र कुमार पुत्र रमेश चन्द्र वाल्मिकी निवासी ग्राम बस्ता थाना ढठिया जनपद कन्नौज को थाना ललौली पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## नवाबगंज पुलिस ने कच्ची शराब के साथ युवक को पकड़ा



**सबसे तेज प्रयागराज**
**नवाबगंज।** पुलिस आयुक्त व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्त राजेश सरोज पुत्र प्यारेलाल सरोज निवासी ग्राम लाई थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लाई के पास के पास से 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**
चौकी प्रभारी आनापुर ब्रजेश कुमार तिवारी, चौकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर मारूति नन्दन तिवारी. उ0नि0 कुवंर गौवर सिंह, उ0नि0 राजकुमार, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## निर्माणाधीन मकान के पास रखा जनरेटर चोरी

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशाम्बी। मंझन**पुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा चौराहा निवासी रमेश चन्द्र सोनकर पुत्र मिश्री लाल सोनकर ओसा चौराहा से नहर वाली सड़क को जाने वाले रास्ते पर अपना मकान निर्माण कार्य करवा रहा था। मकान निर्माण में प्रार्थी को जनरेटर की आवश्यकता थी जिसके कारण उसने एक जनरेटर खरीद रखा था। देर रात्रि में निमार्णाधीन मकान के पास रखा जनरेटर चोरी हो गया है जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपये थी। जनरेटर चोरी होने से रमेश चंद्र सोनकर के मकान निर्माण में बाधा उत्पन्न हो गई है। मंझनपुर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

## पुलिस अफसरों ने बैठक कर बनाई रणनीति



सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। महाकुंभ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के लिए बुधवार को पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती द्वारा होल्डिंग एरिया, पार्किंग एरिया, प्रमुख रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड पर किए गए सुरक्षा प्रबंधों, मार्ग व्यवस्था संबंधी ड्यूटी प्वाइंट्स, यातायात, डायवर्जन स्कीम व श्रद्धालुओं की सुरक्षा संबंधी बिंदुओं के संबंध में बैठक की गई। इस दौरान तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए रणनीति बनाई गई। नगर जोन में नियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक तथा सहायक पुलिस आयुक्त धूमनगंज, कोतवाली, सिविल लाइन्स, अतरसुइया ने प्रतिभाग किया।

## जिलाधिकारी ने दिये दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के साप्ताहिक बन्दी के आदेश

**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी। जिला**धिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 (1) सहपठित उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद के उन सभी दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों के साप्ताहिक बन्दी दिवस का अनुमोदन किया है, जहाँ पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते हैं। यह आदेश दिनांक 01 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक प्रभावी रहेंगा। दिन सोमवार को टाउन एरिया भरवारी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। इसी प्रकार दिन मंगलवार को टाउन एरिया सिराथू की समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान एवं दिन बुधवार को टाउन एरिया चरवा, देवीगंज, कड़ा एवं मंझनपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त वाणिज्य एवं अधिष्ठान को छोड़कर) तथा दिन बृहस्पतिवार को टाउन एरिया-करारी, सराय अकिल एवं पश्चिम शरीरा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। दिन शुक्रवार को टाउन एरिया अझुवा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, दिन शनिवार को टाउन एरिया चायल की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा दिन रविवार को टाउन एरिया मंझनपुर में चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया है कि बन्दी दिवस में दुकान खुली पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेंगी, जिसके उत्तरदायी दुकानदार दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के स्वामी स्वयं होंगे।

## चौपाल लगाकर मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**
**कौशांबी । एसपी बृजेश** कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव/विद्यालय व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया*।

इस क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम व कस्?वों में भ्रमण कर , थाना मो0पुर पंइसा द्वारा ग्राम मो0पुर अनेठा में चौपाल लगाकर थाना सराय अंकिल पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए , थाना कौशाम्?बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम बैगवा में भ्रमण कर, थाना महेवाघाट ग्राम घोघपुर में जाकर थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में* भ्रमण कर/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3)1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा* आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि* के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## श्रीरामार्चा पूजन से अक्षय पुण्य की प्राप्ति: स्वामी रामदास



**सबसे तेज प्रयागराज**
**महाकुंभ नगर।** महामंडलेश्वर स्वामी रामदास टाटाम्बरी महराज का शिविर महाकुंभ नगर के महावीर मार्ग पर लगा हुआ है। शिविर में बुधवार की सुबह से श्रीरामार्चा पूजन और विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया इसमें मेला क्षेत्र में आये हुए संत, महात्मा और बड़ी संख्या में शिष्य शामिल हुए। स्वामी रामदास टाटाम्बरी महराज ने श्रीरामार्चन पूजन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि श्रीरामार्चन पूजन करने, कराने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए श्रीरामार्चा पूजन किया था। शिविर के व्यवस्थापक स्वामी ध्रुवदास महराज ने बताया कि श्रीरामार्चा पूजन सुबह से शुरू हुआ और दोपहर बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, इसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण किया। स्वामी ध्रुवदास महराज ने बताया कि श्रीरामार्चन पूजन से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है ऐसे में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी राम संतोष दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी राम तीर्थ दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी दामोदर दास महराज, स्वामी तुलसीदास महराज, ऋषिदास महराज, महामंडलेश्वर स्वामी संतोष दास महराज, स्वामी गोपाल महराज, स्वामी हिटलर बाबा, महामंडलेश्वर स्वामी ब्रजभूषण, जगद्गुरु स्वामी रामसुभग दास बिनैका बाबा, प्रसिद्ध कथावाचक स्वामी रामकमल दास वेदांती, हिटलर बाबा,स्वामी गंगा दास महराज सहित बड़ी संख्या में संत, महात्मा और बड़ी संख्या में शिष्य शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

## पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से अवैध कच्ची शराब बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**
**प्रयागराज थाना पूरामुफ्ती** पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुधवार को अभियुक्त अंकित कुमार पाण्डेय पुत्र महेश कुमार पाण्डेय निवासी मातुपुर थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को पानी की टंकी के पास ग्राम मातुपुर थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। थानाध्यक्ष पूरामुफ्ती मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## एडीजी व पुलिस आयुक्त ने मेला प्रांगण के अरैल क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण किया





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । महाकुम्भ-2**025 के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन के दृष्टिगत बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रयागराज प्रेम गौतम,मेलाधिकारी विजय किरण आनंद, प्रभारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ0 अजय पाल, जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र कुमार, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चंद यादव एवं अन्य पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मेला प्रांगण के अरैल क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण किया गया ।

1.भ्रमण/निरीक्षण के दौरान नैनी क्षेत्र के पुराने पुल एवं यमुना पुल के समीप बने पार्किंग स्थल/मार्गों, घाटों, पाण्टून पुलों का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

2. मेला क्षेत्र स्थित संकट मोचन मार्ग का भ्रमण कर महाकुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं/व्यवस्थाओं हेतु चल रही तैयारियों का निरीक्षण करते हुए अरैल घाट/उद्धर कालेज क्षेत्र का भ्रमण/निरीक्षण किया गया।

3. राष्ट्रीय आपदा मोचल बल कैम्प परिसर का निरीक्षण कर बैरक, भोजनालय व अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल शातिर बदमाश गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। चोरी के अभियोग में वांछित शातिर अभियुक्त थाना जहानाबाद क्षेत्रांर्तगत** सीएचसी जहानाबाद मोड के पास पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। घायल होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाश के कब्जे से एक देशी तमंचा, तीन खोखा कारतूस, एक कारतूस 315 बोर, एक जोडी सफेद धातु पायल, एक जोडी सफेद धातु बिछिया,1150 रुपए नकद, एक पिट्ठू बैग जिसमे दरवाजा, ताला तोडने के उपकरण एक लोहे का राड, हथौडा, प्लास, पेचकस, स्पेना रिंच, के अलावा एक पल्सर मोटर साइकिल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, थाना जहानाबाद के वांछित अभियुक्त बबलू उर्फ राजा पुत्र बच्ची लाल निवासी कंचनपुर मजरे सिलावन थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर की तलाश में इंटेलिजेंस विंग प्रभारी निरीक्षक अरूण चतुवेर्दी टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक थाना जहानाबाद मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सीएचसी जहानाबाद मोड़ के पास चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक पल्सर मोटरसाइकिल से दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो वे तेजी से गाड़ी वापस मोड़कर भागने लगे। मिरजापुर अयोध्या की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर फिसल कर बाइक सहित गिर पड़े। अपने आप को पुलिस से घिरता देख पुलिस की तरफ लक्ष्य कर फायरिंग करने लगे। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में बबलू उर्फ राजा के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। घायल बबलू को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी जहानाबाद ले जाया गया। उपचार के बाद इसे थाना लाया गया। वहां लिखापढ़ी करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, बबलू पर कई आपराधिक मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंटेलिजेंस विंग के निरीक्षक अरूण चतुवेर्दी, कांस्टेबल विकास कुमार, प्रमोद कुमार, विवेक कुमार, पवन कुमार चौधरी, जय प्रकाश के अलावा जहानाबाद थाना के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक प्रशान्त मिश्रा, प्रवीण कुमार यादव, नारद भारती, हेड कांस्टेबल बृजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल सूर्यभान सिंह, अनुराग यादव, दीपक कुमार, आशीष तोमर, अश्वनी यादव आदि शामिल रहे।

## प्रभारी अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय गौतमबुद्धनगर अजय पांडेय बने डीआईजी



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

प्रयागराज/गौतमबुद्धनगर। बुधवार को नव वर्ष पर प्रभारी अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय गौतमबुद्धनगर.अजय कुमार पांडेय का प्रोमोशन होने पर डीआईजी बनाए गए।

वहीं जनपद सभी पुलिस अधिकारियों ने डीआईजी बनाए गए अजय कुमार पांडेय को गुल दस्ता देकर शुभकामनाएं दी।

डीआईजी अजय कुमार एक ईमानदार और तेज तर्रार आईपीएस अफसरों में जाने जाते हैं। वहां इसके पहले प्रयागराज के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत कई जिलों में सेवा दे चुके है।

# महाकुम्भ-2025: प्रयागराज जंक्शन पर बना सेल्फी पॉइंट यात्रियों के बीच बन रहा है आकर्षण का केंद्र

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महा**कुम्भ-2025 के शुभारंभ से पहले प्रयागराज जंक्शन पर बनाया गया "महाकुम्भ सेल्फी पॉइंट" यात्रियों और श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों के अनुभव को अधिक रोचक और यादगार बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया यह सेल्फी पॉइंट न केवल स्टेशन की शोभा बढ़ा रहा है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुम्भ की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के करीब ला रहा है।

आधुनिकता और संस्कृति का संगम

सेल्फी पॉइंट को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह महाकुम्भ के धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को दशार्ता है। इस विशेष संरचना में संगम का प्रतीक, शिवलिंग, पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के मिलन को दशार्ने वाले कलात्मक तत्व शामिल हैं। रौशनी और डिजिटल इफेक्ट्स के साथ, यह सेल्फी पॉइंट न केवल एक



फोटो स्थल है, बल्कि महाकुम्भ की भव्यता और दिव्यता को जीवंत अनुभव में परिवर्तित करता है।

यात्रियों के बीच उत्साह

रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्री इस सेल्फी पॉइंट के साथ अपनी तस्वीरें लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं, जिससे इसकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं का कहना है कि सेल्फी पॉइंट के माध्यम से उन्हें महाकुम्भ के भाव और महत्व का अनुभव स्टेशन पर उतरते ही हो जाता है। यह न केवल उनकी यात्रा को यादगार बनाता है, बल्कि प्रयागराज की पहचान को भी उजागर करता है।

महाकुम्भ जैसे विश्व प्रसिद्ध आयोजन के दौरान रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा और आनंद को बढ़ाने के लिए यह एक अनूठा प्रयास है। प्रयागराज जंक्शन, जो इस समय लाखों यात्रियों के आवागमन का केंद्र बन रहा है, पर महाकुम्भ सेल्फी पॉइंट जैसे नवाचार रेलवे के बदलते स्वरूप और यात्री-केन्द्रित दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि यह सेल्फी पॉइंट यात्रियों के लिए एक स्मृति चिह्न के रूप में काम करेगा और उनके अनुभव को और भी सुखद बनाएगा।

सोशल मीडिया पर वायरल

सेल्फी पॉइंट का डिजाइन और इसकी खूबसूरती यात्रियों को इतना भा रही है कि यह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। "#टँ‘ꣳरी’ग्रीढङ्गल्ल३" और "#ढ१ँ८१ँख४ल्लू३ङ्गल्ल" जैसे हैशटैग्स के साथ श्रद्धालु और पर्यटक इसे साझा कर रहे हैं।

स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ

इस पहल से स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिल रहा है। स्टेशन के आस-पास दुकानें और फूड स्टॉल्स भी इस बढ़ती भीड़ से लाभान्वित हो रहे हैं। महाकुम्भ-2025 में प्रयागराज रेलवे स्टेशन न केवल यातायात का केंद्र होगा, बल्कि यह श्रद्धालुओं के लिए एक स्वागत द्वार भी साबित होगा। सेल्फी पॉइंट जैसे प्रयास यात्रियों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ उनकी यात्राओं को सुखद और यादगार बना रहे हैं।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा मय पुलिस फोर्स थाना कसया क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर ।** बुधवार को जनपद कुशीनगर में नववर्ष पर आयोजित मेले के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा मय पुलिस फोर्स थाना कसया क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण/पैदल गश्त किया गया।



पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये तथा मेला में आये हुए आम जन/व्यापारियों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए आश्वस्त किया गया कि जनपद कुशीनगर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# नकली नोटों की तस्करी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नकली नोट का धंधा करने वाले अंतरराष्ट्रीय **गिरोह** का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के मुख्य सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बंगाल के मालदा निवासी कौसर अली के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 2011 में नकली नोट का धंधा करने के आरोप में पहली बार गिरफ्तार किया गया था। जेल से रिहा होने के बाद वह फिर से नकली नोट के धंधे में जुड़ गया। पुलिस ने उसके पास से 500 रुपये के 190 नोट (95 हजार रुपये) बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। स्पेशल सेल के उपायुक्त प्रणव तयाल ने बताया कि टीम को बांग्लादेश की सीमा से लाकर दिल्ली और एनसीआर में नकली नोटों को खपाने वाले एक आरोपी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने बाईपास मुकरबा चौक करनाल रोड के पास संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर एरिया के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तलाशी के दौरान उसकी निशानदेही पर नकली नोट का बंडल मिला। पूछताछ में पता चला कि वह बंगाल के मालदा का रहने वाला है। उसने बताया कि वह पहले दिल्ली में मजदूरी करता था। इसी दौरान वह नकली नोट का धंधा करने वाले आरोपियों के संपर्क में आ गया, जिसके बाद वह भी धंधे से शामिल गया। पहले भी 2011 में नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया गया था। पकड़े जाने के बाद उसे पांच साल की सजा हुई थी। दो साल सजा काटने के बाद वह जेल से रिहा हो गया,लेकिन जेल से बाहर आते ही फिर से वह नकली नोट का धंधा करने वाले गिरोह में शामिल हो गया। इसी बीच 2014 में क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे दबोच लिया। हालांकि, उसे फिर से जमानत मिल गई और वो फिर से नकली नोट का धंधा करने लगा। पुलिस ने बताया कि वह बांग्लादेश के रास्ते जाली नोट खरीद रहा था।

और उन्हें दिल्ली-एनसीआर में खपा रहा था। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर गिरोह में जुड़े अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ कर आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## नैनो यूरिया प्लस का 99.9 प्रतिशत उपयोगिता फसलों द्वारा अवशोषित किया जा रहा है

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। इफको फूल**पुर में नव वर्ष का स्वागत हर्षोल्लास से किया गया। प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 साल के इतिहास में पहली बार आयोजन भारत में हुआ, जिसकी मेजबानी इफको ने किया। उन्होंने कहा कि गत वर्ष नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत 300 महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान किया गया, 1764 से अधिक ग्रामीण ड्रोन उद्यमियों को भी प्रशिक्षित दिया गया। वर्ष 2024 के दौरान इफको नैनो यूरिया (तरल)/नैनो डीएपी (तरल) की 2.55 करोड़ से अधिक बोतलों की बिक्री की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है तथा नैनोयूरिया/नैनो डीएपी की 236000 से अधिक बोतलों का निर्यात किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 201 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि इफको शीघ्र ही मिट्टी में प्रयुक्त होने वाला दानेदार नैनो एनपीके उर्वरक लॉन्च करने जा रहा है। नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी को आईसीए सम्मेलन 2024 के दौरान रोशडेल पायनियर्स अवॉर्ड तथा सहकार भारती द्वारा फर्टिलाइजर मैन ऑफ इंडिया का खिताब मिला। इफको फूलपुर इकाई में इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन, इफको इम्पलाइज संघ तथा इफको रिक्रिएशन क्लब की तरफ से नव वर्ष उत्सव एवं भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने समस्त घियानगरवासियों को बधाई दिया, महाप्रबंधक क्रमशः ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी, पी.के.सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः डॉ अनीता मिश्रा, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के.सिंह, ए.के.गुप्ता, पी.के.वर्मा, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम्‍ प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव, इफको रिक्रिएशन क्लब के सचिव डी.के. शुक्ला आदि मौजूद रहे।





## लुट की घटना के 2 बाल अपचारी को लूट के मोबाइल व रूपयों के साथ पुलिस अभिरक्षा में लिया गया


**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। एसपी बृ**जेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ0नि0 अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा दिनांक 30.12.2024 को भीटी देहमाफी में डिलीवरी का सामान देने वाले लड़के से मोबाइल व पैसा की लूट से सम्बन्धित 2 नफर विधि विरूद्ध बालक को सगरा बहरा मोड़ के पास से नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उनके कब्जे से लूट का 3 मोबाइल व 235 रुपये मय एक अदद मोटर साइकिल अपाचे (घटना में प्रयुक्त) बरामद किया गया।

## जाफरगंज पुलिस द्वारा वारंटी पकड़ा गया

**सबसे तेज प्रयागराज**


**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को वारंटी अभियुक्त सुरेश पुत्र मोतीलाल निवासी ग्राम समसपुर थाना जाफरगंज जनपद फतेहपुर को थाना जाफरगंज पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।



## अवैध कच्ची शराब किया बरामद

**फतेहपुर** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में अवैध शराब के निष्कर्षण, परिवहन व बिक्री रोकथाम अभियान के क्रम में बुधवार को थाना खखरेरु पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कि ग्राम मोहनापुर व लोहंगपुर मे भारी मात्रा मे अवैध कच्ची शराब महुआ की बिक्री की जा रही है , इस सूचना पर ग्राम मोहनापुर व लोहंगपुर मे दबिश दिया गया तो अभियुक्त चन्द्रशेखर पासवान पुत्र बड़कू निवासी मोहनापुर थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर के कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपिया मे 05 लीटर अवैध कच्ची नाजायज शराब महुआ व अभियुक्ता प्रीती देवी पत्नी नीरज कुमार निवासी लोहंगपुर थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर के कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपिया मे 05 लीटर अवैध कच्ची नाजायज शराब महुआ बरामद हुआ ।





## किसान नेता का कार्यकर्ताओं व किसानों ने किया स्वागत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**होलागढ़। भारतीय** किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष प्रयागराज बबलू दुबे का होलागढ़ में नववर्ष पर किसान व भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया उन्होंने फूल मालाओं से लाद दिया । मौके पर किसान यूनियन के गंगा पार के सभी पदाधिकारी व अन्य किसान मौजूद रहे।



## डिवाइडर से टक्कर के बाद मालवाहक पिकअप से टकराई कार

**लखनऊ राजमार्ग पर दो गाड़ियो की टक्कर से मचा हड़कंप**
**नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज मे हुई घटना**





**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज । तेज रफ्तार जा रही कार की डिवाइडर से टक्कर हो गई टक्कर इतनी ते**ज हुई की कार पलट के सड़क के दूसरे साइड जा गिरि जिससे उस तरफ से गुजर रहा एक मालवाहक पिकअप भी घटना के चपेट मे आकर पलट गया घटना के बाद लखनऊ राजमार्ग पर अफरा तफरी मच गई । बुधवार की रात करीब 8 बजे प्रयागराज की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार लखनऊ राजमार्ग पर तिराहे के समीप बने डिवाइडर से टकरा गया टक्कर इतनी तेज थी की कार उछलकर सड़क के दूसरी तरफ जा गिरि जिससे लखनऊ की तरफ से टमाटर लादकर आ रही मालवाहक पिकअप कार मे जा घुसी राकमार्ग पर दो गाड़ियो के एक साथ पलटने से चीखपुकार मच गई मौके पर पहुचे लोगो ने दौड कर दोनों गाड़ियो से चालक को बाहर निकाला हादसे से लखनऊ राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया सूचना पर चौकी प्रभारी शरद अपने दलबल के साथ पहुचे घायलो को इलाज के लिए भेजवाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को राजमार्ग से हटवा कर जाम से बहाल कराया ।

## सीओ ने थाना मंझनपुर व मोहब्बतपुर पइंसा क्षेत्र में किया पैदल गस्त





**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। बुधवार को** क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मोहब्बतपुर पइंसा व मंझनपुर पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

## दिल्ली में महिला सम्मान और संजीवनी योजना की आड़ में बड़ी ठगी

**श्याम कुमार बघेल**

**नई दिल्ली। राजधानी दि**ल्ली में आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ महिला सम्मान और संजीवनी योजना के नाम पर महिलाओं और अन्य लोगों से निजी जानकारी और ओटोपी लेकर ऑनलाइन ठगी के मामले में रोहिणी जोन के पूर्व चेयरमैन मनीष चौधरी ने रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल व विजय विहार एसएचओ अजय कुमार यादव को लिखित रूप में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

मनीष चौधरी का आरोप है कि रिठाला विधानसभा में कई जगहों पर ऑनलाइन फार्म भरने के नाम पर ओटीपी लिए जा रहे हैं। लोगों से शिकायत मिल रही है कि कुछ लोग इस योजना की आड़ में लोगों से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। कई महिलाओं से निजी जानकारियों के साथ-साथ ओटीपी के माध्यम से फोन का भी एक्सेस लिया जा रहा है। मनीष चौधरी का आरोप है कि रिठाला विधानसभा में कई जगहों पर ऑनलाइन फार्म भरने के नाम पर ओटीपी लिए जा रहे हैं। लोगों से शिकायत मिल रही है कि कुछ लोग इस योजना की आड़ में लोगों से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं।

कई महिलाओं से निजी जानकारियों के साथ-साथ ओटीपी के माध्यम से फोन का भी एक्सेस लिया जा रहा है। चौधरी ने कहा कि लोगों की शिकायत मिल रही है कि कुछ लोग जब से ऑनलाइन फार्म भरे हैं,उसे भी ऑनलाइन ठगी का डर बना हुआ है। वहीं, कई ऐसे लोग भी इन फॉर्मों को भर रहे हैं, जिनका समाज में काफी खराब छवि है। इन्होंने एसएचओ विजय विहार व डीसीपी रोहिणी से मांग की है कि जब तक सरकार की ओर से अधिकृत योजना ना आए, तब तक इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाएं। वहीं, लोगों के साथ जालसाजी न हो, इसको लेकर कड़ी कार्रवाई की जाए।

संपादक की कलम से

## महाराष्ट्र का चुनावी चमत्कार

**हरियाणा** की अप्रत्याशित जीत के बाद महाराष्ट्र की भारी जीत से भाजपा और उसका वर्तमान नेतृत्व गदगद है और लोक सभा चुनाव में मिले झटके को काफी पीछे छोड़ चुका है। उसके पुराने तेवर भी वापस हो गए हैं और मीडिया का समर्थन भी। इस बीच उसने अपना कोर्स करेक्शन किस तरह किया इस बारे में बड़े दावे हैं तो विपक्ष की भूलों (खासकर हरियाणा के मामले में) को लेकर भी कांग्रेस के अंदर और चुनावी पंडितों के बीच काफी गरमा-गरम चर्चा जारी है। इस बीच हरियाणा और अब महाराष्ट्रकी जीत में अपने कार्यकताओं की बड़ी भूमिका को लेकर एक और दावेदार-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी सामने आ चुका है। वह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की उस अपमानजनक टिप्पणी को भुला चुका है या अपना अपना पलड़ा ऊपर रखने में इस्तेमाल कर रहा है जिसमें उन्होंने कहा था कि अब भाजपा खुद से इतनी बड़ी और शक्तिशाली हो गई है कि उसे संघ के समर्थन की जरूरत नहीं रह गई है। लेकिन इन सबके बीच महाराष्ट्र की जीत का आश्चर्य सबके चेहरे पर बना हुआ है क्योंकि इसी महाराष्ट्र में पांच महीने हुए चुनाव में भाजपा की अगुवाई वाली महायुति कांग्रेस की अगुवाई वाले महा विकास अघाडी से 30-17 से पिछड़ गई थी।

तब यह भी दिखा था कि कांग्रेस का संगठन काफी नीचे स्तर तक काम करने लगा है और शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस के विभाजन से नाराज मराठी मतदाताओं ने शरद पवार और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़ों को ही असली पार्टी माना और तोड़-फोड़ कराने वाली भाजपा के खिलाफ उनके मन में गुस्सा है। यही कारण है कि सरकार होने और तीन दलों का मजबूत गठजोड़ होने के बावजूद महायुति को अघाडी की तुलना में एक फीसदी कम वोट मिला था। सीटों का हिसाब तो एकदम उलट गया था और जब महाराष्ट्र के चुनाव हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधान सभाओं के साथ न कराके बाद में कराने का फैसला लिया गया तो इसे महायुति के डर से जोड़ा गया। बीच में सरकार ने कुछ लोक-लुभावन कार्यक्रमों चुनाव के दौरान महायुति में ज्यादा खटर-पटर रही और अजित पवार के नेतृत्व वाला एनसीपी तो कई बार महायुति की लाइन से एकदम अलग चलती लगी। मतदान के बाद एक्जिट पोलों में भी लड़ाई करीबी बताई गई हालांकि महायुति को बढ़त दिख रही थी। चुनाव का सबसे अच्छा अंदाजा रखने वाले उम्मीदवार और चुनाव के मुख्य खिलाड़ी नतीजे आने तक बहुत करीबी लड़ाई का अंदाजा लगाते रहे, विधायकों की 'घोडामंडी' में अपने खेमे को बचाने की तैयारी घोषित रूप से करते रहे।

नतीजों ने सबको चौंकाया- सबको माने जीते लोगों को भी। दोनों गठबंधनों के बीच 14 फीसदी वोट का अंतर आ गया अर्थात लोक सभा चुनाव की तुलना में महायुति को पंद्रह फीसदी का लाभ हुआ। और अघाडी की ऐसी हार हुई कि किसी दल को विपक्ष का नेता बनने लायक सीटें नहीं मिलीं। जीत पर खुशी और हार पर वोटिंग मशीन का दोष बताने वाले विपक्ष की तरफ से इस बार भी यह स्वर उठा लेकिन पहले की तुलना में कम ऊंचा और कम लोगों ने उस पर भरोसा किया। लेकिन मशीन पर शक की जगह चुनाव आयोग और उससे भी बढ़कर चुनाव की स्थानीय मशीनरी (जो राज्य सरकार के अधीन ही होती है) पर शक ज्यादा किया गया। हरियाणा चुनाव में यह स्वर मद्धिम था। पड़े मतों के हिसाब में लगातार ऊपर-नीचे होने का हिसाब हर किसी को शक का आधार देता है और दुर्भाग्य से अभी तक चुनाव आयोग इसकी कोई बहुत भरोसे लायक सफाई नहीं दे पाया है। मध्य प्रदेश के बाद हरियाणा चुनाव में भी यह सवाल जोर से उठा था। वोटिंग मशीन या इस गिनती पर सवाल उठाने वालों को भी गड़बड़ के ज्यादा ठोस प्रमाण के साथ आगे आने की चुनौती है और उसके बगैर उनकी बात अविश्वसनीय ही बनी रहेगी।

इस सवाल के जोर पकड़ने का कारण यह भी है कि पांच महीनों के दौरान राज्य सरकार का कोई काम इतना बड़ा न दिखा कि वह पंद्रह फीसदी वोट दूसरी तरफ करा दे। सबसे भरोसेमंद और व्यावसायिक समेत हर तरह के दबाव से काफी हद तक मुक्त माने जाने वाले सीएसडीएस के पोस्ट-पोल के आंकड़े भी इस शक को बढ़ाते हैं। उसमें महायुति को बढ़त दिखती है लेकिन सिर्फ चार फीसदी वोटों की ही। नतीजों के बाद के विश्लेषणों में जिस लाडली बहना योजना को भारी फर्क लाने वाला बताया जा रहा है उसे सर्वे में आए 2 से 3 फीसदी लोगों ने फायदा देने वाला माना जबकि किसानों के उपज का मूल्य, महंगाई और बेरोजगारी को मतदान का आधार बताने वालों का अनुपात उससे ज्यादा था। आम राय ही नहीं महायुति के की नेताओं और अजित पवार दल का घोषित मानना था कि 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे नारों से महाराष्ट्र में चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। अजित पवार के इरादों पर शुरू से अंत तक अविश्वास करने वालों का मानना था कि यह भी उनकी और महायुति की एक रणनीति हो सकती है। इतना एकतरफा चुनाव बिना किसी लहर या भावनात्मक उभार के बगैर नहीं हो सकता, इस बात के पक्ष में कोई तर्क या सबूत नहीं आ रहा है। चुनाव बीतने और धूल बैठने के बाद इस सवाल पर गौर करने पर लगता है कि भाजपा की अगुवाई वाली महायुति को अपनी राज्य और केंद्र की डबल इंजन सरकार के फैसलों और लोक सभा चुनाव के बाद किए कोर्स करेक्शन से जितना फायदा नहीं हुआ उतना हिन्दू मुसलमान सवाल को केंद्र में रखने से हुआ। भाजपा ने इसके सहारे अपने बिखरे-छिटके मतदाताओं को वापस अपनी तरफ समेटा बल्कि उसने जनाब उद्धव ठाकरे को सेकुलर कांग्रेस के खेमे में जाने को बाल ठाकरे की राजनीति उलटने वाला बनाने का जतन किया। इससे भी फायदा हुआ। चुनाव टालकर कोर्स करेक्शन करना और एक साथ पांच किस्त का पैसा लगभग ढाई करोड़ महिलाओं के खाते में भेजना भी लाभकर रहा। विपक्ष का सुस्त होना या नए मुद्दे न उठा पाना भी कारण बना।

## दिल्ली चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

-ललित गर्ग-

**दिल्ली विधान**सभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है।

# राहुल गांधी को राजनीति के कुछ सबक सीखने होंगे

**महेश**

कांग्रेस की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। महाराष्ट्र के नतीजे इसी बात को रेखांकित कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस न तो भारतीय जनता पार्टी को टक्कर दे पा रही है और न ही देशहित के प्रभावी मुद्दे उठा पा रही है। देश में कॉपोरेट विरोधी जो एकसूत्री एजेंडा राहुल ने अपनाया है, या संविधान-रक्षा एवं धर्म-निरपेक्षता के नाम पर एक सम्प्रदाय-विशेष की जो राजनीति वह कर रहे हैं, उसके सकारात्मक परिणाम नहीं आ रहे हैं, उनके इन मुद्दों के पक्ष में वोट नहीं मिले हैं। निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति में अगर कोई एक चीज है, जो नहीं बदली है, तो वह है भाजपा को मात देने में कांग्रेस की अक्षमता। भाजपा से सीधी टक्कर में कांग्रेस की हार का औसत प्रतिशत बढ़ता ही जा रहे हैं।

अब तो कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोग दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। कांग्रेस के लिये जटिल से जटिलतर होते हालातों में केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश हो सकता है। निश्चित रूप से प्रियंका के राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगा अक्षमता एवं अपरिपक्व राजनीति का दाग इससे कैसे कम हो सकता है?

राहुल गांधी संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर पूरी तरह हमलावर रहते हैं, वे गैर-जरूरी मुद्दों को लेकर अक्सर संसद की कार्रवाई को बाधित करते हैं। अडाणी एवं कॉपोरेट विरोधी उनका एजेंडा देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये कितना नुकसानदायी साबित होता रहा है, देश की जनता ने इसे महसूस किया है। राहुल दस साल से यह गलती कर रहे हैं और उनकी पार्टी इसकी कीमत चुका रही है। कांग्रेस और विशेष रूप से उसके नेता राहुल गांधी न जाने कब से अदाणी समूह को कोस रहे हैं। एक अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद वह हाथ धोकर इस समूह के पीछे पड़ गए हैं, लेकिन शायद वह यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस के इस रवैये से सहमत नहीं है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे ऐसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं।

ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? यदि राहुल गांधी को यह लगता है कि अदाणी समूह दागदार है तो वह अपनी सरकारों को उससे कोई नाता न रखने के लिए क्यों नहीं कह पा रहे हैं? यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस अमेरिकी अदालत के आकलन को अंतिम सत्य की तरह क्यों ले रही है और वह भी तब, जब उसने रिश्वत के कथित लेन-देन के कोई प्रमाण नहीं पेश किए हैं?



नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी अपनी इस आक्रामकता से हासिल क्या करना चाहते हैं। विडम्बना देखिये कि संयुक्त अरब अमीरात, तंजानिया और श्रीलंका जैसे देश अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत की टिप्पणी को महत्व नहीं दे रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस के नेता और कुछ अन्य लोग उसे बिनी किसी जांच-पड़ताल दंडित करने को उतावले हैं। यह उतावलापन इसलिए भी ठीक नहीं, क्योंकि निवेशक अदाणी समूह पर भरोसा जता रहे हैं और इसी कारण उसके शेयरों में तथाकथित अमेरीकी कार्रवाई से भारी गिरावट के बाद पुनः तेजी देखने को मिल रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है।हर जगह कांग्रेस अपने मजबूत सहयोगियों के बूते सीटें जीतने में कामयाब रही है। ओडिशा में कांग्रेस का वजूद खत्म हो चुका है। एक वक्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब वहां भाजपा छाई हुई है। जबकि इन राज्यों की डेमोग्राफी कांग्रेस के पक्ष में हैं, लेकिन सरकारें भाजपा की है। कांग्रेस मुद्दे नहीं तय कर पा रही है। बीजेपी हर राज्य के हिसाब से मुद्दे तय करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सीट के हिसाब के मुद्दों के हिसाब से बोलते हैं। वहां के इतिहास, भूगोल, राजनीतिक परिस्थितियां सबको ध्यान में रख कर बोलते हैं। लेकिन कांग्रेस इसके हिसाब से मुद्दे और रणनीति तय नहीं कर पाती। बड़ा सवाल ये है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित दिख रही कांग्रेस इसके बाद एक भी राज्य का चुनाव क्यों नहीं जीत पाई। आखिर उसकी रणनीति में कहां खामी है और वो बार-बार कहां चूक रही है? लगभग जीत के मुहाने पर खड़ी कांग्रेस को हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ यही किस्सा अब राजनीतिक तौर पर देश के दूसरे बड़े अहम राज्य महाराष्ट्र में भी दोहराया गया। झारखंड में पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल थी और वो 2019 में जीती 16 सीटों में एक भी सीट का इजाफा नहीं कर पाई। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस बुरी तरह नाकाम रही। कांग्रेस 90 में से छह सीटें ही जीत पाई और नेशनल कॉन्फ्रेंस की जूनियर पार्टनर बन कर किसी तरह अपनी नाक बचा पाई। भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई। लेकिन राहुल गांधी ऐसे चुनावी मुद्दों को गढ़ने में क्यों असफल रहे? आखिर कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी इन स्थितियों पर गंभीर मंथन क्यों नहीं करते?

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुस्लिम तुष्टीकरण का राग अलापते हुए देश में मुस्लिमों का तो पक्ष लेते हैं लेकिन बांग्लादेश एवं पाकिस्तान में हिन्दुओं पर हो अत्याचारों पर मौन साध लेते हैं। उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। राहुल गांधी बेतुकी आक्रामकता से उपरत क्यों नहीं हो रहे हैं? वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं।

आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी दल अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है।

## शारीरिक संतुष्टि के लिए मौत को गले लगाते युवा

**सुभाष आनंद**

यह आम कहावत है कि लोग बुरी आदतों को शीघ्र सीख लेते हैं जबकि अच्छी आदत सीखने में उन्हें देर लगती है। एक नए अध्ययन में बताया गया है कि आजकल लोग अजीबो गरीब हरकतें करके खुशी मनाने के चक्कर में मौत के मुंह में चले जाते हैं । इनमें नदी,समुद्र या बांध के किनारे सेल्फी लेने,सड़कों पर मोटरसाइकिल पर कलाबाजियां करते समय जीवन से हाथ धो बैठते हैं। एक अध्ययन में कुछ नये खुलासे भी हुए हैं । ताजातरीन अध्ययन यह है कि आजकल पंजाब में नौजवान हस्तमैथुन करते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर बैठते हैं। यद्यपि पंजाब सरकार के पास इसके सही आंकड़े मौजूद नहीं है परंतु शहरों में सेक्स विशेषज्ञों से बातचीत करने के पश्चात कई कटु सच्चाइयां सामने आई है । लुधियाना में एक 19 वर्षीय बच्चा हस्तमैथुन का इतना आदि हो गया कि उसके शरीर की शक्ति क्षीण हो गयी और उसकी मृत्यु हो गई।

ऐसा ही एक व्यक्ति और मृत पाया मिला जिसने बिजली के करंट के माध्यम से अपने शरीर में कामोत्तेजना पैदा करने के लिए लाइटों को अपने शरीर से जोड़ा हुआ था।

सेक्स विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश गोयल का कहना है कि पंजाब में लोग नई-नई जुगाड़ लगाते रहते हैं। नशेड़ी लोग भी सेक्स का चरम सुख प्राप्त करने के लिए ऐसी अजीबोगरीब हरकतें करते रहते हैं। कामोत्तेजना की अभिलाषा से हुई इन मौतों का कारण बताते हुए फॉरेंसिक परीक्षक सुखदेव सिंह का कहना है कि ऐसे लोग शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा कम करके चरम कामोत्तेजना का आनंद उठाते हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब में हर वर्ष जोखिम भरी हस्तमैथुन प्रक्रियाओं के कारण 90 से 100 नौजवान मौत का शिकार हो रहे हैं।

अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि पंजाब की 10 लाख आबादी पर प्रतिवर्ष एक या दो मौतें ऐसी होती है जिनमें यौन क्रिया को अधिक उत्तेजना पूर्वक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण या जुगाड़ प्रयोग में लाए जाते हैं।वहीं अमृतसर के रहने वाले एक मृत व्यक्ति के कमरे से पोनोग्राफी सामग्री भी मौजूद मिली थी। यहां जांचकताओं का अनुमान है कि वह कामोत्तेजना का सुख हासिल करने के प्रयास में मौत के मुंह में चला गया। एक आदमी की माछीवाड़ा कस्बे में घर के तहखाने में मौत हो गई ,उसने अपने आप को जंजीरों में बांध रखा था। फिरोजपुर के एक नामी पत्रकार का कहना है कि कई मामले समाचार पत्रों में नहीं आते ,लेकिन उनकी संख्या वास्तविकता में कहीं अधिक होती है। ऐसी मौतों के शिकार लोगों के रिश्तेदार प्राय : सामाजिक शर्मिंदगी से बचने के लिए ऐसे मामलों की पुलिस में रिपोर्ट नहीं करते।

वही जालंधर के रहने वाले 16 वर्षीय युवा को हस्तमैथुन की इतनी भयंकर आदत थी कि उसके माता-पिता रात्रि को सोते समय उसकी दोनों भुजाओं को पलंग से बांध देते थे। डॉक्टर ऋचा शर्मा का कहना है कि ऐसे रोगियों को प्राय : रात्रि के समय नशे की डोज दी जाती है ताकि वह नींद में ऐसी हरकतें ना कर सके। ग्रामीण क्षेत्रों में जिन युवाओं के विवाह में देरी हो रही है उनमें यह रोग बड़ी तेजी से फैल रहा है लेकिन मरीज ऐसी बीमारियों का इलाज करने से शमार्ते हैं और डॉक्टरों को दिखाने से परहेज करते हैं। समाज में बढ़ती इस बुराई को दूर करने के लिए समाजसेवी संस्थाओं को भी समाज को जागृत करना चाहिए। पंजाब सरकार के स्वास्थ्य विभाग को भी नौजवानों को इस समस्या से दूर रहने के लिए शीघ्र अभियान छेड़ने की जरूरत है। पिछले दिनों प्रभातशाह वाला गांव में एक नौजवान को जंजीरों से बंधा पाया गया, जब पंजाब पुलिस की टीम वहां गई तो उनके मां-बाप ने दुख भरी दास्तां बताते हुए कहा कि यह दिन रात हस्तमैथुन का आदी है। अतः हमने दुखी होकर इसे जंजीरों में बंद किया है। वही दिल्ली ऑल इंडिया मेडिकल के सेक्स स्पेशलिस्ट डॉक्टर अर्जुन त्रिवेदी का कहना है कि पंजाब और हरियाणा में विवाह में देरी हो रही है,जिसके कारण नौजवान सेक्स संतुष्टि के लिए हस्तमैथुन का आसान रास्ता अपना रहे है। उन्होंने आगे यह कहा कि समाज में पोर्न पिक्चरों की बुराई भी नौजवानों को मुश्किल में डाल रही है। महिलाओं में भी पोर्न पिक्चरों का क्रेज बढ़ता जा रहा है। हरियाणा,पंजाब में भी पोर्न पिक्चरों पर सरकार की कोई पाबंदी नहीं है,

## क्या सचमुच आग से नहीं खेल रही सरकार ?

**@ राकेश अचल**

******

जब किसी देश की सरकार मंजे हुए खिलाड़ी चला रहे हों तो वहां कोई भी खेल खेला जा सकता है। सरकार जनादेश से, जन भावनाओं से, कानून से ही नहीं बल्कि 'आग' से भी खेल रही है। ये खेल संसद के बाहर भी जारी है और संसद के भीतर भी। अब केवल देश की सबसे बड़ी अदालत ही इस आग को बुझाने के लिए अपनी और से 'दमकल' बन सकती है, अन्यथा देश आज नहीं तो कल जलेगा ही, क्योंकि 'जमालो' तो भूसे के ढेर में पलीता लगा ही चुकी है।

संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को फिलहाल बहस के लिए न रखते हुए इसकी समीक्षा के लिए बनाई गयी संयुक्त संसदीय समिति [ जेपीसी] का कार्यकाल बढ़कर यदि सरकार ने एक कदम पीछे खींचा है तो वहीं दूसरी तरफ अजमेर शरीफ दरगाह के मामले में चुप्पी साधकर एक कदम आगे भी बढ़ा दिया है। अब इस मामले में 'सूप' तो 'सूप' धीरेन्द्र शास्त्री जैसी 'छलनियाँ' भी बोलने लगीं हैं। उनका कहना है कि अजमेर में यदि शिवालय था तो वहां दोबारा प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। आपको याद रखना होगा कि सद्भावना के भूसे के ढेर में पलीता लगाने का काम आज का नहीं बल्कि बहुत पुराना है।देश को लगता था कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद की विध्वंश और वहां भव्य राम मंदिर बनने के बाद मुस्लिम विरोधी अभियान रुक जाएगा, लेकिन ये आशंका निर्मूल साबित हुई। उत्तर प्रदेश समेत भाजपा की तमाम डबल इंजिन की सरकारों ने अलग-अलग तरीके से इस अभियान को अंजाम देना शुरू कर दिय। कभी मस्जिदों में जाने वालों को फर्जी मुठभेड़ों में मार दिया गया तो कभी उनकी बस्तियों पर बुलडोजर चला दिए गए। कभी किसी इबादतगाह का सर्वे करने के नाम पर वहाँ आतंक फैलाने की कोशिश की गयी, तो कभी अल्पसंख्यकों के वक्फ बोर्ड को निशाने पर ले लिए गया। आपको नूपर शर्मा का मामला याद है न ? दो साल पहले जो काम नूपुर शर्मा ने किया था वो ही काम आजकल अयोध्या के बाद सम्भल, बनारस और अजमेर में दूसरे लोग कर रहे हैं। अदालतें उनका साथ दे रहीं हैं। पैगंबर मोहम्मद पर कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा नेता रहीं नूपुर शर्मा को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई थी। वे अलग-अलग राज्यों में अपने खिलाफ दर्ज मामलों को दिल्ली ट्रांसफर करने की अपील लेकर सर्वोच्च न्यायलट पहुंचीं थीं। सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा पर तल्ख टिप्पणियांकरते हुए कहा था कि उन्हें टीवी पर आकर देश से माफी मांगनी चाहि। नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी को सुप्रीम कोर्ट ने ह्यव्यथित करने वालीह्न टिप्पणी करार दिया और कहा कि इस बयान के कारण ही देश में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुईं। बाद में नूपुर ने तमाम ना-नुकुर के बाद देश से, दुनिया से माफी मांगी थी। आजकल वे कहाँ हैं कोई नहीं जानता।



सम्भल में मस्जिद के सर्वे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँच गया है। मुमकिन है कि कल अजमेर शरीफ में खुजा मुईनुद्दीन चिश्ती साहब की दरगाह के सर्वे का मामला भी सुप्रीम कोर्ट आ जाये। अब ये देश की सबसे बड़ी अदालत पर है कि वो इस आग को बढ़ने से रोकती है या फिर अल्पसंख्यकों के पूजाघरों के सर्वे के मामले में फैसला देने से पहले भगवान से मार्गदर्शन मांगती है। अदालत आग से खेल रही सरकार की मुश्कें बाँध नहीं पा रही। हबीब गंज से लेकर काले खान की सराय तक के नाम सरकार ने बदल दिए, लेकिन किसी अदालत ने कुछ नहीं कहा, क्योंकि ये सरकार के अधिकार क्षेत्र का मामला मान लिया गया, लेकिन अजमेर का मामला हबीबगंज रेलवे स्टेशन और काले खान सराय के नाम बदलने का नहीं है।

वक्फ बिल पर जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष सिद्दिकउल्ला चौधरी ने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि सरकार आग से खेलना बंद करे। उन्होंने कहा, ह्ये मुसलमानों के हक को छीनना चाहते हैं और वक्फ बोर्ड को छीनकर खाना चाहते हैं। ये प्रधानमंत्री के अंदर नहीं आता है। आग से खेलना बंद करें। हम पुरजोर तरीके से इस बिल का विरोध करते हैं। वे मुल्क का बंटवारा करना चाहते हैं। हमलोग एक होकर लड़ेंगे। जाहिर है की सरकारी पार्टी कि कार्यकर्ता सीधे सरकार पीछे से देश को गरियुद्ध की आग में धकेलना चाहती है। मणिपुर पहले से जल रहा है, अब पूरे देश को मणिपुर बनाने की तैयारी है। ह्वदरअसल सरकार नूपुर शर्मा के मामले से भी सबक नहीं ले पायी है। नूपुर शर्मा के मामले में कतर और दोहा के अलावा आईओसी ने भी तीखी प्रतिक्रिया जताई थी। अजमेर शरीफ के मामले में भी यही सब हो सकता है, क्योंकि अजमेर शरीफ दुनिया भर के मुसलमानों की आस्था का केंद्र है। अभी वक्त है कि केंद्र सरकार आगे बढ़कर इस मामले को अपने हाथों में ले। अभी वक्त है कि देश का सर्वोच्च न्यायालय इस विषय में स्वत : संज्ञान ले और अधीनस्थ न्यायालयों को इस तरह की याचिकाओं को स्वीकार करने और सुनने तथा निर्देश देने से रोके। हमें बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के मामले में दखल देने का हक तभी बनेगा जब हम अपने देश में अल्पसंख्यक मुसलमानों के हितों,और मान सम्मान की रक्षा करते हुए दिखाई देंगे। फिलवक्त तो हमारी सरकार,हमारी सरकारी पार्टी का आचरण अल्पसंख्यक विरोधी है। सरकार और सरकारी पार्टी चुनावों में 'बटोगे तो कटोगे' का नारा देकर तो अपना असली चेहरा दिखा ही चुकी है। अब देखते हैं कि सुप्रीम कोर्ट इस आग को फैलने से किस तरह रोकता है ? अजमेर की शांति भंग करने की कोशिशों को राजस्थान की पंडित भजनलाल शर्मा सरकार तो रोक नहीं सकती। भजनलाल भी लगता है की राजस्थान को उत्तरप्रदेश की तर्ज पर चलना चाहते हैं। आपको एक बात और बता दूँ की यदि अजमेर की दरगाह सर्वधर्म की मिसाल न होती तो देश में कोई हिन्दू अपने बच्चों का नाम मुंशी अजमेरी या अजमेरी लाल न रखता। जो लोग अजमेर को मुस्लिम नाम या संज्ञा समझते हैं उन्हें मै बता दूँ कि यह नगर सातवीं शताब्दी में अजयराज सिंह नामक एक चौहान राजा द्वारा बसाया गया था। इस नगर का मूल नाम 'अजयमेरु' था। सन्‌ 1365 में मेवाड़ के शासक, 1556 में अकबर और 1770 से 1880 तक मेवाड़ तथा मारवाड़ के अनेक शासकों द्वारा शासित होकर अंत में 1881 में यह अंग्रेजों के आधिपत्य में चला गया।

अजमेर में अकेले ख्वाजा साहब की ही दरगाह नहीं है जैन मंदिर भी है, और हिन्दू मंदिर भी, दुनिया वाले अजमेर को भारत का मक्का, अंडो की टोकरी, राजस्थान का हृदय भी मानते है। सरकार और सरकारी पार्टी इसे माने या न माने क्या फर्क पड़ता है ? भाजपा को अपने पितृ पुरुष स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी से कुछ सीखना चाहिए। आज कि प्रधानमंत्री को अल्पसंख्यकों कि मन में भरोसा जगाने कि लिए अटल जी की तरह अजमेर जाकर ताजा मसले को हल करना चाहिए।

# भारत का रक्षा निर्यात 10 वर्षों में रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये के हुआ पार: राजनाथ सिंह

**एजेंसी**

**महू (मध्य प्रदेश)।** भारत का रक्षा निर्यात एक दशक पहले के 2,000 करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मध्य प्रदेश के दौरे के दौरान महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारा रक्षा निर्यात, जो एक दशक पहले लगभग 2,000 करोड़ रुपये था, अब 21,000 करोड़ रुपये के प्रभावशाली स्तर को पार कर गया है। इसी के साथ हमने 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में बनाए गए उपकरणों (मेड इन इंडिया इक्विप्मेंट) को दूसरे देशों में भेजा जा रहा है। सिंह ने कहा कि लगातार आगे बढ़ते और विकसित होते समय में एडवांस टेक्नोलॉजी में निपुणता हासिल करना समय की मांग है। उन्होंने आगे कहा



कि सैनिकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने भाषण में कहा, इंफॉर्मेशन वॉरफेयर, एआई बेस्ड वॉरफेयर, प्रॉक्सी वॉरफेयर, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वॉरफेयर, स्पेस वॉरफेयर और साइबर अटैक बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। उन्होंने इस तरह के हमलों से लड़ने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित होने की जरूरत पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन्फेंट्री स्कूल में वेपन ट्रेनिंग, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) में एआई और कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, एडब्ल्यूसी में जूनियर और सीनियर कमांड जैसे क्षेत्रों में ट्रेनिंग के जरिए इंटीग्रेशन बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, कुछ अफसर भविष्य में दूसरे देशों में दूतावास या उच्चायोग में नियुक्त होंगे, जिनकी जिम्मेदारी अहम होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन अधिकारियों को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए।

## गौरव भाटिया बोले, अरविंद केजरीवाल करते हैं दिखावे की राजनीति, शराब कारोबारियों के साथ इलू-इलू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उनका कहना है कि अरविंद केजरीवाल फरेबी हो गए हैं। गौरव भाटिया ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के लोग, जो बेहतर के हकदार हैं, उन्हें एक ऐसी सरकार मिले जो उनकी अच्छी तरह से सेवा करे। गौरव भाटिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक कट्टर बेईमान अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना अब बच्चों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। 30 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रीय



मानवाधिकार आयोग एक आदेश पारित करता है और केजरीवाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए उस वीडियो को हटाने का आदेश दिया है, जिनमें बच्चों को राजनीतिक अभियान में भाग लेते हुए दिखाया गया है। केजरीवाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना की ये पोस्ट भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करती है, लेकिन इस पोस्ट को अभी तक नहीं हटाया गया है। भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब अरविंद केजरीवाल ने भारत और दिल्ली के भविष्य हमारे बच्चों के साथ इस तरह का व्यवहार किया है। उन्होंने क्लासरूम और बाथरूम घोटाले की भी जिक्र किया। गौरव भाटिया ने कहा कि इन्होंने कहा कि दिल्ली के बच्चे, हमारे बच्चे अब क्लासरूम में नहीं पढ़ेंगे।

## नए साल के जश्न को लेकर देशभर में पुलिस अलर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कुछ घंटों के बाद पूरा देश नए साल के जश्न में डूब जाएगा। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए गए हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है। उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, झारखंड में डैम के इर्दगिर्द स्टैटिक फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है, पंजाब में भी व्यवस्था दुरुस्त है तो चेन्नई में ड्रोन और सीसीटीवी संग 25,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस ने उन सभी इलाकों को चिन्हित कर लिए हैं, जहां अमूमन इस तरह के मौकों पर वाहनों का दबाव रहता है। दक्षिण दिल्ली के डीसीपी अंकित चौहान ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षाबलों की अतिरिक्त



टीमों को तैनात किया गया है, जो कि हर प्रकार की गतिविधियों पर नजर बनाकर रखेंगे। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कोई भी निर्धारित नियमों का उल्लंघन ना करें। उन्होंने कहा कि आमतौर पर नए साल के मौके पर लोग नशे में गाड़ी चलाते हुए देखे जाते हैं, जिसे देखते हुए 21 महत्वपूर्ण स्थानों पर सांस विश्लेषक वाली सुरक्षा चौकियां लगाई गई हैं। वहीं त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) 15 अहम जगहों पर तैनात किए जाएंगे और 38 पीसीआर वैन तैनात किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की बात करें, तो यहां भी नए साल के जश्न को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि हम महिलाओं की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील हैं। सभी शहरों में पुलिस को फ्लैग मार्च करने को कहा गया है, ताकि कोई अप्रिय स्थिति पैदा न हो। हॉट स्पॉट इलाकों को चिन्हित करने को कहा गया है।

## 2024 में अब तक 237 नक्सली ढेर

**एजेंसी**


**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में 2024 में अब तक 237 नक्सली ढेर किए जा चुके है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि इस वर्ष मिली अभूतपूर्व सफलता के बाद जवानों का हौंसला बढ़ा हुआ है। बस्तर में नक्सलियों के लिए कोई रास्ता नहीं बच गया है। नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें क्योंकि आने वाले दिनों में अभियान और भी तेज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बस्तर में अब तक 237 नक्सलियों को ढेर किया जा चुका है जिनमें से 217 के शव पुलिस को मिले हैं। अन्य 20 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि नक्सली स्वयं कर चुके हैं। इस अवधि में 925 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है तो 792 नक्सली अपने हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौट आए हैं।

## भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर : अमित शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत से पहले इसरो ने देशवासियों को खुशखबरी दी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसरो के इस उपलब्धि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुशी जाहिर की।

एक्स पोस्ट में केंद्रीय गृहमंत्री ने लिखा कि भारत अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है। स्पैडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण पर इसरो टीम को बधाई। यह एक शानदार सफलता है जो अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में भारत के लिए एक नया रास्ता खोलती है। आगे की यात्रा के लिए हमारे प्रतिभाशाली लोगों को मेरी शुभकामनाएं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इसरो का नया कीर्तिमान। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट द्वारा स्पैडेक्स मिशन के सफल लॉन्च पर इसरो की पूरी टीम को बधाई। इस अभियान की सफलता के साथ ही भारत ये तकनीक हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। 2024 के अंत में इसरो की यह महत्वपूर्ण उपलब्धि 140 करोड़ देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली है। उल्लेखनीय है कि स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन के तहत दो उपग्रहों को 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने दोनों उपग्रहों को कुछ दूरी पर एक ही कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्पैडेक्स तैनात! स्पैडेक्स उपग्रहों का सफल पृथक्करण भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर है।÷ इससे पहले रॉकेट की लॉन्चिंग पर उसने लिखा था, लिफ्टऑफ! पीएसएलवी-सी60 ने स्पैडेक्स और 24 पेलोड को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत अब डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बनेगा। अंतरिक्ष मामलों के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर एक्स पर लिखा, भारत अपने स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय डॉकिंग सिस्टम के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग की क्षमता की दिशा में कदम बढ़ाने वाले चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने वाला चौथा देश बन गया है। सिंह ने कहा कि यह तकनीक गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आकाश से आगे की यात्रा का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## भविष्य में केरल भगवाधारी होगा, राहुल-प्रियंका को चुनाव में सपोर्ट करने वाले लोग राष्ट्रीय विरोधी: नितेश राणे

**एजेंसी**

**पुणे।** भाजपा नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने आरोप लगाया कि केरल में चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का समर्थन करने वाले लोग राष्ट्रीय विरोधी हैं। नितेश राणे ने मीडिया से बातचीत के दौरान उनके सवालों के जवाब दिए। भाजपा नेता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारे पास जानकारी है कि केरल में जो राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को चुनाव में सपोर्ट करने वाले लोग हैं, वो राष्ट्रीय विरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के खिलाफ काम करने वाले ऑल इंडिया मुस्लिम लीग ने कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में केरल भगवाधारी बन



जाएगा, मुझे इस बात का पूरा भरोसा है।भाजपा नेता ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आतंकवाद और लिटरेसी रेट दोनों अलग-अलग विषय हैं। इसके अलावा उन्होंने एक और अन्य सवाल के जवाब में कहा कि हम चाहते हैं कि कानून का सभी लोगों को पालन करना चाहिए। जो भी कानून को तोड़ने वाले लोग हैं प्रशासन को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। हमारे राज्य में गोहत्या पर प्रतिबंध है, अगर यहां पर ये सब चल रहा होगा तो पुलिस प्रशासन को ऐसे तत्वों को ढूंढकर उन पर कार्रवाई करनी चाहिए, यही मैंने कहा है। बता दें कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएनआईएन) नेता वारिस पठान ने आईएएनएस से खास बातचीत में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे के विवादित बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नितेश राणे ने कथित तौर पर कहा था कि केरल में आतंकवादी लोग प्रियंका गांधी और राहुल गांधी को वोट देते हैं। इस कारण उनकी जीत होती है। केरल मिनी पाकिस्तान बन गया है। वारिस पठान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि नितेश राणे को हमेशा से अनाप-शनाप बयान देने की आदत हो गई है। वह लगातार मुसलमानों के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं। पहले भी उन्होंने कहा था कि मस्जिदों में घुसकर मुसलमानों को मारा जाएगा। क्या इस तरह के बयान सरकार की शह पर दिए जा रहे हैं?

## पीएम मोदी-सीएम योगी के राज में आज देश और प्रदेश में आनंद ही आनंद : स्वामी अधोक्षजानंद

**एजेंसी**

**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज में महाकुंभ का महा आयोजन अब बस चंद दिन दूर है और महाकुंभ नगर में पूज्य संतों का आगमन शुरू हो चुका है। महाकुंभ के लिए योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं से ये संत भी प्रभावित नजर आ रहे हैं। इन व्यवस्थाओं को लेकर गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने योगी सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी स्वयं एक साधु पुरुष हैं। वह यहां बार-बार आकर व्यवस्थाओं का अवलोकन कर रहे हैं, जिससे धर्मावलंबियों का हौसला और मनोबल प्रबल हो रहा है। ऋषि मुनियों और साधकों को साधना, यज्ञ और तप करने के लिए अनुकूल माहौल मिल रहा है। महाकुंभ में साधु संतों की पूजा और अनुष्ठान का पुण्य राज्य और स्वयं



उनको प्राप्त होगा। सभी संत और महंत मुख्यमंत्री की यश, कीर्ति, मान, सम्मान और उज्वल भविष्य के लिए विशेष प्रार्थना करेंगे। स्वामी अधोक्षजानंद ने कहा कि कालांतर में भारत में विधर्मी शासन रहा, जिसमें हमारे धार्मिक अनुष्ठानों को महत्व नहीं मिलता था। आज फिर से भारत भूमि में सनातन को मानने वालों का शासन आया है, जिसका असर यहां प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि तीर्थ क्षेत्र में आने के लिए भक्ति और भक्त होना जरूरी है। कोई अभक्त और अशिष्ट शासक अहंकार से आएगा तो तीर्थ उसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि जितना मुखर और उदार होकर सीएम ने हमारे मान-सम्मान के लिए व्यवस्था की है तो हम लोग भी राज्य की समृद्धि, कल्याण, आर्थिक उत्थान और उनके खुद के अभ्युदय की विशेष कामना करेंगे। राक्षसी प्रवृत्ति अनादिकाल से ही सनातन को चोट पहुंचाने और भ्रम फैलाने के लिए कार्य करती रही हैं।


## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नव वर्ष-2025 की प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नव वर्ष-2025 की प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि नये वर्ष का नये उत्साह के साथ स्वागत करें। जीवन में लक्ष्य तय करके सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े और हर चुनौती का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। श्री देवनानी ने प्रदेश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए लोगों का आवाहन किया है। गुलाबी रंग के साथ हाईटेक होगा सदन - देवनानी ने कहा है कि नए वर्ष में सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के आने वाले नए सत्र में सदन नए रंग में दिखाई देगा।

## आईआरसीटीसी की वेबसाइट इस माह तीसरी बार क्रैश, टिकट बुकिंग करने वाले परेशान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल ऐप मंगलवार को एक बार फिर डाउन हो गई। इस माह यह तीसरी बार है जब टिकट बुकिंग करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से टिकट बुक करने में समस्या आने पर कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत दर्ज की। उन्होंने लिखा कि वह टिकट बुक नहीं कर पा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने लिखा, "#आईआरसीटीसी ऐप और वेब दोनों क्रैश हो गए। कैप्चा सर्वर क्रैश हो गया। उन्हें कैप्चा 2.0 का उपयोग बंद कर देना चाहिए और क्लाउड पर चले जाना चाहिए। आज के क्लाउड की दुनिया में वे डेटासेंटर और सर्वर का उपयोग क्यों करते हैं और इन-हाउस सब कुछ करने के लिए फैंटम बनने की कोशिश क्यों करते हैं, मुझे नहीं पता। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। तत्काल टिकट बुकिंग खुलने से ठीक पहले लोगों को सुबह 9:50 बजे के आसपास समस्या का सामना करना पड़ा। आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर




जाने का प्रयास करने वाले लोगों को एक संदेश मिला, जिसमें कहा गया कि बुकिंग और कैंसिलेशन फॉर ऑल साइट अगले एक घंटे तक उपलब्ध नहीं रहेगी। असुविधा के लिए हमें खेद है। कैंसिलेशन/टीडीआर फाइल करने के लिए ग्राहक सेवा नंबर 14646,08044647999 और 08035734999 पर कॉल करें या etickets@irctc.co.in पर मेल करें।

## वर्ष 2024 किसानों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने वाला रहा : शिवराज

**एजेंसी**

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्ष 2024 विकसित भारत के विराट संकल्प की सिद्धि का आधार बना है। किसानों की आय बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 विकसित भारत के विराट संकल्पों की सिद्धि का आधार बना है। इस दौरान कृषि क्षेत्र में भी हमने अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं। प्रधानमंत्री द्वारा प्रत्येक कैबिनेट में कृषि और किसान से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण सौगात दी गईं। इस दौरान किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए।केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने आगे कहा किसान की सेवा मोदी सरकार के लिए भगवान की पूजा है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल का शुभारंभ पीएम किसान सम्मान निधि राशि जारी करने के साथ किया और 9.26 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ सीधे भेजे। साथ ही फसलों की



जलवायु अनुकूल 109 किस्में किसानों को समर्पित की और खरीफ विपणन सीजन 2024-25 के लिए 14 खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ोतरी का ऐतिहासिक निर्णय लिया। उन्होने कहा, किसान कल्याण के प्रति संवेदनशील मोदी सरकार ने खाद्य तेलों के आयात शुल्क को शून्य प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया।

## अरविंद केजरीवाल हनुमान मंदिर से करेंगे 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' का शुभारंभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल संग पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वह यहां के पुजारियों के साथ 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' का शुभारंभ करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने इस योजना को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, आज कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर से मैं अपनी पत्नी के साथ पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ करूंगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी करोल बाग स्थित गुरुद्वारे से इस योजना का शुभारंभ करेंगी। केजरीवाल ने इस



योजना को लेकर 30 दिसंबर को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, आज पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना के ऐलान के बाद देश भर से फोन और मैसेज आ रहे हैं। सभी धार्मिक लोग बहुत खुश हैं। दिल्ली के कई पुजारी और ग्रंथी मुझसे मिलने आए और उन्होंने आशीर्वाद दिया। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के जीतने पर दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18,000 रुपये प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। ये योजना समाज में उनके आध्यात्मिक योगदान और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के उनके प्रयासों का सम्मान है। भाजपा वालों इसे रोकने की कोशिश मत करना, बहुत पाप लगेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, दिल्ली में दोबारा आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर हमारी संस्कृति और सभ्यता को पीढ़ियों से सहेजने और आगे बढ़ाने वाले मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रंथियों को 18,000 रुपये प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। 'पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना' को लेकर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, आज दिल्ली भाजपा एवं उसके पुजारी प्रकोष्ठ के लगभग 2 साल से अधिक से चल रहे आंदोलन के दबाव के चलते अरविंद केजरीवाल को पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा करनी पड़ी है। दिल्ली हाई कोर्ट में लगी एक याचिका के चलते केजरीवाल जानते थे कि उनको मौलवियों का वेतन भत्ता बंद करना पड़ेगा।

## तेजस्वी के बयान पर सांसद देवेश चंद्र ठाकुर का तंज, कहा- RJD के लिए भी JDU का दरवाजा बंद

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के 'मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए राजद के दरवाजे बंद' के बयान पर जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राजद के लिये भी जदयू के दरवाजे बंद हैं। जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने मंगलवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर पत्रकारों से बात की। ठाकुर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे पर कहा कि मुख्यमंत्री का तो आना-जाना लगा रहता है इसमें कोई राजनीतिक बात नहीं है। बिहार



लोक सेवा आयोग की परीक्षा रद्द करने के मुद्दे से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, ÷निश्चित तौर पर सरकार ने संज्ञान लिया है। मुख्य सचिव ने खुद अभ्यर्थियों से बात की। उनसे बड़ा पदाधिकारी सरकार में कोई नहीं होता है। अब इंतजार करना चाहिए, कोई न कोई रास्ता जरूर निकलेगा। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग नहीं माने जाने की स्थिति में दो जनवरी से धरना पर बैठने की चेतावनी से जुड़े प्रश्न पर जदयू सांसद ठाकुर ने कहा कि उनको जो करना है करें। उन पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता। सरकार अपना काम कर रही है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नीतीश कुमार के लिए राजद के दरवाजा बंद होने के बयान पर उन्होंने कहा कि जदयू का दरवाजा भी राष्ट्रीय जनता दल के लिए बंद है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार के महागठबंधन में आने की संभावनाओं पर विराम लगा दिया। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार के लिए राजद और महागठबंधन के दरवाजे पूरी तरह बंद हैं।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शिरडी पहुंचकर किए साईं बाबा के दर्शन

**एजेंसी**

**शिरडी।** देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को शिरडी में साईं बाबा के दर्शन किए। कोविंद ने साईं मंदिर में पूजा अर्चना की और बाबा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से बातचीत भी की। दर्शन के बाद पूर्व राष्ट्रपति ने मीडिया से बातचीत में कहा, नया साल आ रहा है और मैं इसे अपने सौभाग्य के रूप में मानता हूं कि नव वर्ष के पहले दिन मुझे बाबा के दर्शन करने का अवसर मिला।

मैंने बाबा से ना सिर्फ देशवासियों, बल्कि पूरी मानवता के लिए सुख, शांति, और समृद्धि की कामना की। वर्तमान में दुनिया और हमारा देश कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और मैंने बाबा से उन चुनौतियों का समाधान मांगा। उन्होंने आगे कहा, उम्मीद है कि वर्ष 2025 सभी के लिए खुशहाल और समृद्ध होगा। इसके साथ ही, तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर भी मैं आशीर्वाद चाहता हूं, ताकि यह सरकार देश के हित में और लोगों की भलाई के लिए काम कर सके। नए साल पर देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालु जुटते हैं। पूरा वर्ष सुखमय हो भगवान का आशिर्वाद बना रहे इसी सोच के साथ मंदिरों और पूजा स्थलों में जाते हैं।

शिरडी में भी देश भर से भक्तगण जुटते हैं। उत्तर प्रदेश के काशी से भी कई श्रद्धालु पहुंचे। कुछ पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से भी मिले। इस मुलाकात को उन्होंने अविश्वसनीय बताया।

## सीतारमण ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व छठी बैठक की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजधानी नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के साथ छठे बजट-पूर्व परामर्श बैठक की। बैठक में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के हिस्से के रूप में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सीतारमण को कई सुझाव दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीतारमण ने स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों से सुझाव लिए। बैठक में वित्त सचिव, निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग तथा स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव सहित देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी वित्त वर्ष 2025-26 का केंदीय बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश करेंगी। बजट पूर्व परामर्श बैठक केंद्रीय बजट को आकार देने से जुड़ा आवश्यक कदम है, जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। इन बैठकों में मिले सुझावों से विविध हितधारकों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है।

## अजय पॉली लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी अजय पॉली लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक अजय पॉली लिमिटेड का 1 रुपये अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 238 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और प्रमोटर और निवेशक विक्रय शेयरधारकों द्वारा 93,00,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है। ओएफएस में बीना जैन, राजीव जैन और नितिन जैन क्रमशः 3.7 मिलियन, 2.8 मिलियन और 2.8 मिलियन इक्विटी शेयर बेचेंगे। दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कुछ उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान, नोएडा, करेगांव, शिरवाल, चेन्नई और कॉर्पोरेट कार्यालय में सुविधाओं में उपकरण और मशीनरी खरीदने के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करेगी।

## 2024 के दौरान हरित इस्पात, गुणवत्ता नियंत्रण पर उठाए गए बड़े कदम

**नयी दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय ने बीत रहे वर्ष 2024 में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और नेट जीरो (निवल शुद्ध कार्बन उत्सर्जन) लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति के लिए इस्पात उद्योग को सहायता देने के लिए 15000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले 'हरित स्टील मिशन' की तैयारी कर रहा है। मंत्रालय के इस अभियान में हरित स्टील के लिए पीएलआई योजना, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और सरकारी एजेंसियों के लिए हरित स्टील खरीदने के लिए दिशानिर्देश शामिल हैं। स्टील उत्पादन के कार्बन उत्सर्जन सीमित करने (डीकार्बोनाइजेशन) में योगदान के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की अगुवाई में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन, स्टील क्षेत्र को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और उपयोग के व्यापक लक्ष्य को समन्वित किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार इस सम्बंध में, इस्पात क्षेत्र के डीकार्बोनाइजेशन के विभिन्न प्रमुख पहलुओं को रेखांकित करते हुए इस्पात मंत्रालय द्वारा गठित 14 टास्क फोर्स की सिफारिशों के आधार पर 'भारत में स्टील क्षेत्र को हरित बनाना¬ रोडमैप और कार्य योजना' पर एक रिपोर्ट सितंबर में की गई थी। इस रिपोर्ट में स्टील की हरित स्टील और हरित स्टार रेटिंग को परिभाषित किया गया है।


## त्योहारी सीजन में खुदरा कारोबार में सात फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।** देश में इस वर्ष के त्योहारी सीजन में इसके पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले खुदरा कारोबार में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। खुदरा कारोबारियों के संगठन रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) की जारी 56वें खुदरा व्यापार सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष की इसी त्योहारी अवधि (02 अक्टूबर 2023 से 26 नवंबर 2023) की तुलना में 07 अक्टूबर 2024 से 01 दिसंबर 2024 तक खुदरा क्षेत्र में सात फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। सर्वेक्षण में देश के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न खुदरा क्षेत्रों को आकार देने वाले प्रमुख रुझानों पर प्रकाश डाला गया है। आरएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुमार राजगोपालन ने कहा, आरएआई के सर्वेक्षण में अक्टूबर-नवंबर के त्योहारी सीजन के दौरान सात फीसदी की मामूली वृद्धि का संकेत मिलता है, जो अनुमानित 10 फीसदी से कम है। पूरे वर्ष के दौरान खपत में वृद्धि धीमी रही है, जिससे खुदरा विक्रेताओं को प्रचार प्रस्तावों के माध्यम से व्यवसाय को बढ़ावा देने और त्योहारी खरीददारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया गया है। हम वर्ष 2025 में मजबूत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं क्योंकि बढ़ती परिचालन लागतों को लाभप्रदता बनाए रखने के लिए निरंतर विकास प्रक्षेपवक्र की आवश्यकता होती है।

# आयकर विभाग ने विवाद के चलते विश्वास योजना की तिथि 31 जनवरी तक बढ़ाई

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने विवाद के चलते विश्वास योजना के तहत कर बकाया का निर्धारण करने और ब्याज तथा जुर्माने की छूट के लिए जानकारी दाखिल करने की तारीख 31 जनवरी तक बढ़ा दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इससे संबंधित परिपत्र संख्या 20/2024 जारी किया है। आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से जारी एक परिपत्र में विवाद के चलते विश्वास योजना के तहत देय राशि निर्धारित करने की नियत तारीख 31 दिसंबर, 2024 से बढ़ाकर 31 जनवरी, 2025 कर दी गई है। सीबीडीटी ने 30 दिसंबर, 2024 को जारी अपने प्ररिपत्र में प्रत्यक्ष कर विवाद से




विश्वास योजना, 2024 की धारा 90 में निर्दिष्ट तालिका के कॉलम (3) के अनुसार देय राशि निर्धारित करने की नियत तिथि को 31 दिसंबर, 2024 से बढ़ाकर 31 जनवरी, 2025 कर दिया है। सीबीडीटी की जारी परिपत्र के अनुसार एक फरवरी, 2025 या उसके बाद की जाने वाली घोषणाओं पर विवादित कर मांग का 110 फीसदी करदाता को भुगतान करना होगा। इस योजना का लाभ वे करदाता उठा सकते हैं जिनके मामले में विवाद है/अपील दायर की गई हैं। इसमें रिट और विशेष अनुमति याचिकाएं (अपीलें) शामिल हैं। चाहे वे टैक?सपेर्यस या कर अधिकारियों की ओर से दायर की गई हों। इसमें वे मामले भी शामिल हैं, जो 22 जुलाई, 2024 तक सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, आयुक्त/संयुक्त आयुक्त (अपील) के समक्ष लंबित हैं। उल्लेखनीय है कि करीब 35 लाख करोड़ रुपये की लगभग 2.7 करोड़ प्रत्यक्ष कर मांगों पर विभिन्न कानूनी मंचों पर विवाद चल रहा है। विवाद से विश्वास योजना, 2024 की घोषणा 23 जुलाई को पेश वित?त वर्ष 2024-25 के बजट में की गई थी। ये योजना एक अक्टूबर, 2024 से अमल में आई। प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना, 2024 के मूल नियमों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 से पहले घोषणा दाखिल करने वाले करदाताओं को विवादित कर मांग का 100 फीसदी भुगतान करना पड़ता। ऐसे मामलों में ब्याज और जुर्माना माफ करने का प्रावधान किया गया है।

## टैक्स चोरी पर नकेल के लिए डिजी यात्रा के आंकड़ों का इस्तेमाल नहीं: आयकर विभाग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने स्पष्ट किया कि वह टैक्स चोरी करने वालों पर नेकल कसने के लिए डिजी यात्रा के आंकड़ों का इस्तेमाल नहीं कर रहा है। विभाग ने यह स्पष्टीकरण कुछ समाचार लेखों में इसका जिक्र होने के बाद दिया है। आयकर विभाग ने एक्स पोस्ट के जरिए उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि टैक?स चोरी करने वालों पर नकेल कसने के लिए डिजी यात्रा के आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाएगा। विभाग ने कहा कि यह देखा गया है कि समाचार लेखों में कहा गया है कि डिजीयात्रा डेटा का उपयोग कर चोरी करने वालों पर नकेल कसने के लिए किया जाएगा। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि आज तक @IncomeTa&India विभाग द्वारा ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि हवाई सफर करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए चेहरे की पहचान तकनीक (एफआरटी) पर आधारित डिजी यात्रा की मदद से हवाई अड्डों के विभिन्न जांच बिंदुओं पर यात्रियों को संपर्क रहित निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिलती है। डिजी यात्रा के लिए यात्री जो डेटा साझा करते हैं, उसे एन्क्रिप्टेड प्रारूप में संग्रहीत किया जाता है। वहीं, डिजी यात्रा का प्रबंधन डिजी यात्रा फाउंडेशन द्वारा किया जाता है।


# सेल को लगातार दूसरी बार ग्रेट प्लेस टू वर्क का मिला प्रमाण पत्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को 2025 से 2026 जनवरी की अवधि के लिए 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' (काम करने के लिए उत्कृष्ट स्थान) का प्रमाणपत्र मिला है। लगातार दूसरी बार वैश्विक मान्यता प्रदान किए जाने में कंपनी के अभिनव मानव संसाधन पहल का उल्लेख किया गया है।

इस्पात मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को जनवरी 2025 से लेकर जनवरी 2026 तक के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' का दर्जा दिया गया है। सेल को दूसरी बार यह प्रमाणन मिला है। इससे पहले दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 तक के लिए उसे यह दर्जा दिया गया था। कंपनी ने लगातार दूसरी बार यह प्रमाणन हासिल किया है जो वैश्विक स्तर पर उसकी मान्यता और उसके मानव संसाधन विभाग की नवाचार पहल के प्रभाव को दर्शाता है।

सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सेल को लगातार ग्रेट प्लेस टू वर्क का दर्जा मिलना बड़ी उपलब्धि है, जो कार्यस्थल संस्कृति



को बढ़ावा देने और आपसी विश्वास, सहयोग और कर्मचारी सशक्तिकरण पर आधारित सकारात्मक कर्मचारी माहौल प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह प्रमाणन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया समूह को और अधिक मेहनत कर आगे बढ़ने तथा और अधिक उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा।

उल्लेखनीय है कि ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट एक वैश्विक संगठन है, जो कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाकर नियोक्ताओं द्वारा उत्कृष्ट कर्मचारी तैयार करने को मान्यता प्रदान करता है। संस्थान ने व्यापक सर्वेक्षण में सेल के कर्मचारियों से सीधे फीडबैक के आधार पर सेल को यह दर्जा प्रदान किया है।

# अडानी विल्मर के सभी इक्विटी शेयरों को खरीदेगा एसीएल और लेंस

**अहमदाबाद।** अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल), अडानी कमोडिटीज़ एलएलपी (एसीएल, जो एईएल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है) और लेंस पीटीई लिमिटेड (लेंस, जो विल्मर इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है) ने आज 30 दिसंबर 2024 को एक समझौता किया। इस समझौते के तहत लेंस, एसीएल द्वारा अडानी विल्मर लिमिटेड (अडानी विल्मर) के सभी इक्विटी शेयरों को खरीदेगा। यह प्रक्रिया कॉल ऑप्शन या पुट ऑप्शन के इस्तेमाल की तारीख पर लागू होगी और अधिकतम 31.06 फीसद इक्विटी शेयरों तक सीमित होगी। इसके अलावा, पार्टियों के बीच इस बात पर सहमति हुई है कि एईएल न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों का पालन करने के लिए अडानी विल्मर के लगभग 13 फीसद शेयरों को बेच देगा। इन दोनों चरणों के पूरा होने के बाद, एईएल अडानी विल्मर में अपनी लगभग 44 फीसद हिस्सेदारी पूरी तरह से छोड़ देगा। अडानी विल्मर की बाजार पूंजी 27 दिसंबर 2024 को 42,785 करोड़ रुपये (5.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर) थी। इस समझौते के तहत, एईएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने एसीएल के नामांकित निदेशकों के अडानी विल्मर बोर्ड से इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। साथ ही, अडानी विल्मर लिमिटेड का नाम बदलने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इस बिक्री से मिले धन का उपयोग एईएल अपने मुख्य इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों जैसे एनर्जी और यूटिलिटी, ट्रांसपोर्टऔर लॉजिस्टिक्स, और अन्य प्राथमिक उद्योगों में निवेश बढ़ाने के लिए करेगा। एईएल भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सबसे बड़े लिस्टेड इनक्यूबेटर प्लेटफॉर्म के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एईएल और विल्मर, अडानी विल्मर के संस्थापक शेयरधारक हैं और उन्होंने भारत का सबसे बड़ा एफएमसीजी फूड ब्रांड तैयार किया है, जिसने करोड़ों भारतीय परिवारों का विश्वास जीता है। अडानी विल्मर को भारत के हर कोने में मजबूत वितरण नेटवर्क और खुदरा पहुंच का लाभ मिलता है। अडानी विल्मर की शहरी क्षेत्र में 100 फीसद कवरेज और 30,600 से अधिक ग्रामीण कस्बों में उपस्थिति है और वैश्विक स्तर पर 30 से अधिक देशों में निर्यात होता है। यह लेनदेन उन सभी नियामक अनुमोदनों और शर्तों के पूरा होने के अधीन है जो सामान्य रूप से आवश्यक होती हैं।

## रक्षा मंत्रालय ने पनडुब्बी, तारपीड़ो उपकरणों कें लिए 2867 करोड़ का अनुबंध किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने डीआरडीओ-एआईपी प्रणाली के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) प्लग के निर्माण और भारतीय पनडुब्बियों पर इसके एकीकरण तथा कलवरी- श्रेणी पनडुब्बियों पर इलेक्ट्रॉनिक हैवी वेट टॉरपीडो (ईएचडब्ल्यूटी) के एकीकरण के लिए लगभग 2,867 करोड़ रुपये के दो अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों अनुबंधों पर यहां रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। एआईपी प्लग के निर्माण और इसके एकीकरण का अनुबंध मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई के साथ लगभग 1,990 करोड़ रुपये का हुआ, जबकि डीआरडीओ द्वारा विकसित किए जा रहे ईएचडब्ल्यूटी के एकीकरण का अनुबंध नेवल ग्रुप, फ्रांस के साथ लगभग 877 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। एआईपी तकनीक को डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है। एआईपी-प्लग के निर्माण और इसके एकीकरण से संबंधित परियोजना पारंपरिक पनडुब्बियों की शक्ति को बढ़ाएगी और 'आत्मनिर्भर भारत' पहल में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इससे लगभग तीन लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा। ईएचडब्ल्यूटी का एकीकरण भारतीय नौसेना, डीआरडीओ और नौसेना समूह, फ्रांस का संयुक्त प्रयास होगा। इससे भारतीय नौसेना की कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों की मारक क्षमता में काफी वृद्धि होगी।

# आरबीआई ने 2024-25 में जीडीपी ग्रोथ 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** आरबीआई ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और स्थिरता का प्रदर्शन कर रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) दिसंबर, 2024 का अंक जारी करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था को ग्रामीण खपत में सुधार, सरकारी खपत और निवेश में तेजी तथा मजबूत सेवा निर्यात से समर्थन मिला है। रिपोर्ट के अनुसार सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक की यह रिपोर्ट भारतीय वित्तीय प्रणाली की जुझारू क्षमता और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों पर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया




(आरबीआई) ने जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) मुनाफा बढ़ने, गैर-निष्पादित आस्तियों में कमी, पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार के कारण अच्छी स्थिति में हैं। परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) और इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) दशक के उच्चतम स्तर पर हैं, जबकि सकल गैर-निष्पादित आस्ति (जीएनपीए) अनुपात कई साल के निचले स्तर पर आ गया है।

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि व्यापक दबाव परीक्षण से पता चलता है कि अधिकांश एससीबी के पास प्रतिकूल स्थिति में पर्याप्त मात्रा में अतिरिक्त पूंजी है। एफएसआर में अर्थव्यवस्था के बारे में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर छह फीसदी पर आ गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की पहली और दूसरी छमाही में क्रमशः 8.2 फीसदी और 8.1 फीसदी रही थी। रिजर्व बैंक ने रिपोर्ट में कहा है कि इस हालिया सुस्ती के बावजूद संरचनात्मक वृद्धि चालक बरकरार हैं। घरेलू चालक, मुख्य रूप से सार्वजनिक खपत और निवेश तथा मजबूत सेवा निर्यात के कारण चालू वित?त वर्ष 2024-25 की तीसरी और चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर में सुधार होने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट में महंगाई के बारे में कहा गया है कि बंपर खरीफ फसल और रबी फसल के चलते आगे चलकर खाद्यान्न कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। हालांकि, चरम मौसम की घटनाओं के बढ़ते रुझानों के कारण जोखिम बने हुए हैं। वहीं, भू-राजनीतिक संघर्ष वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और जिंस कीमतों पर दबाव डाल सकते हैं।

# सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स का शेयर पहले दिन के कारोबार में करीब 43 फीसदी चढ़ा

**एजेंसी**

**मुंबई/नई दिल्ली।** औषधि कंपनी सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड का शेयर बाजारों में शानदार शुरुआत की। कंपनी का शेयर 391 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 43 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 2,568.87 करोड़ रुपये रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर अपने निर्गम मूल्य से 51.84 फीसदी की तेजी के साथ 593.70 रुपये पर शुरुआत की। दिन में कारोबार के दौरान यह 55.75 फीसदी उछलकर 609 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में कंपनी का शेयर 42.65 फीसदी की तेजी के साथ 557.80 रुपये पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यह 53.45 फीसदी के प्रीमियम के साथ 600 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।



कारोबार के अंत में यह 42.46 फीसदी की तेजी के साथ 557.05 रुपये पर बंद हुआ है। वहीं, मात्रा के लिहाज से बीएसई पर कंपनी के 10.98 लाख शेयरों का कारोबार हुआ और दिन के कारोबार के दौरान एनएसई पर 142.34 लाख शेयरों का आदान-प्रदान हुआ।

अहमदाबाद स्थित कंपनी के 582 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को मंगलवार को बोली के अंतिम दिन मजबूत निवेशकों की भागीदारी के बीच 93.69 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। कंपनी ने आरंभिक शेयर बिक्री के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 372-391 रुपये प्रति शेयर तय किया था। कंपनी के आईपीओ में 500 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों का ताजा निर्गम और प्रचर्तकों और अन्य शेयरधारकों द्वारा मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर 82.11 करोड़ रुपये मूल्य के 21 लाख शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल थी। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद की सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड एक वैश्विक शोध संचालित फार्मास्युटिकल कंपनी है। यह कंपनी विभेदित जटिल फार्मास्युटिकल उत्पादों के विकास और निर्माण में लगी है। इसके अलावा यह अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम के विनियमित बाजारों और विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों और खुराक रूपों में उभरते बाजारों के लिए BwB सेगमेंट में जेनेरिक फार्मास्युटिकल उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के विकास और निर्माण करती है।

## शुरुआती मजबूती के बाद शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,015 अंक तक लुढ़का

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज सप्ताह के पहले दिन ही गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार मजबूती बनाने में सफल रहा लेकिन दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गए। बिकवाली के दबाव के कारण आज सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,015 अंक तक लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी भी ऊपरी स्तर से 316 अंक तक टूटा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.57 प्रतिशत और निफ्टी 0.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट में आईटी, टेक, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। दूसरी ओर पीएसई, ऑटोमोबाइल, रियल्टी, मेटल और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा।

इसके साथ ही ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल और कैपिटल गुड्स इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 441.50 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 442.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 81 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,267 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,489 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,633 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। 145 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,554 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति



लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.18 प्रतिशत फिसलकर 70.47 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.01 प्रतिशत उतरकर 74.16 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# लिस्टिंग के जरिये 3 कंपनियों की स्टॉक मार्केट में दस्तक, सेनोरेस फार्मा ने निवेशकों को कराया जबरदस्त मुनाफा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** तीन कंपनियों ने आज अपने शेयर की लिस्टिंग से घरेलू शेयर बाजार में दस्तक दी। इन तीन कंपनियों में से दो के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए, जबकि एक कंपनी के निवेशकों को पहले दिन ही करीब 10 प्रतिशत का नुकसान हो गया। दवा बनाने वाली कंपनी सेनोरेस फार्मा के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 391 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर इसके शेयर 593.70 रुपये के भाव पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर इसके शेयर 600 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। इस तरह आईपीओ निवेशकों को करीब 53 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। हालांकि लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर ने 538.85 रुपये के स्तर तक गोता लगा दिया। बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये शेयर निचले स्तर से करीब 23 रुपये की रिकवरी करके 562 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। सेनोरेस फार्मा का 582.11 करोड़ रुपये का आईपीओ 20 से 24 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिससे ये ओवरऑल 97.86 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 97.84 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 100.35 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 93.16 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके साथ ही 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 21 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। आज ही होटल और रिसॉर्ट बनाने वाली कंपनी वेंटिव हॉस्पिटैलिटी के शेयरों ने 11 प्रतिशत प्रीमियम के साथ स्टॉक मार्केट में एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी ने 643 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज बीएसई पर कंपनी के शेयर 718.15 रुपये के भाव पर और एनएसई पर 716 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए। दिन के कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर उछल कर 749 रुपये के स्तर तक पहुंचे, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर 702 रुपये के स्तर तक लुढ़क भी गए। दिनभर के कारोबार के बाद वेंटिव हॉस्पिटैलिटी के शेयर 704.35 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह आईपीओ निवेशकों को पहले दिन 9.54 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। वेंटिव हॉस्पिटैलिटी का 1,600 करोड़ रुपये का आईपीओ 20 से 24 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से औसत रिस्पॉन्स मिला था, जिससे ये ओवरऑल 10.33 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 9.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 14.6 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 6.19 गुना और कर्मचारियों के लिए रिजर्व पोर्शन 10.03 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 2,48,83,358 नए शेयर जारी किए गए हैं।

## कप्तान रोहित शर्मा ने दिया हैरान करने वाला बयान

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मैच के बाद रोहित शर्मा ने कहा, यह हार काफी निराशाजनक है. ऐसा नहीं था कि हम मैदान पर लड़ने का जज्बा छोड़ चुके थे. हमने अंत तक पूरी कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्य से हम सफल नहीं हो सके. टेस्ट मैच के दौरान हमारे पास कई मौके थे, लेकिन हमने उन्हें भुनाने में कमी की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का जिक्र करते हुए कहा, हमने उन्हें 90/6 के स्कोर पर रोक दिया था, लेकिन उनकी निचली क्रम की साझेदारी ने हमें नुकसान पहुंचाया. हम जानते हैं कि टेस्ट क्रिकेट में परिस्थितियां कठिन हो सकती हैं, लेकिन हमें इन्हीं परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## टाइगर क्लब ने पुरुष वर्ग और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला वर्ग का जीता खिताब

एजेंसी
**नयी दिल्ली।** हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल मुकाबलों में टाइगर क्लब ने पुरुष वर्ग और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला वर्ग का खिताब जीता। टाइगर क्लब ने छठी राष्ट्रीय हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के मास्टर्स पुरुष वर्ग के फाइनल में होशियारपुर क्लब को 2-1 से हराकर मास्टर्स ग्रुप की चैंपियनशिप जीत ली। वहीं दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने श्री द्वारका बाल बालिका विद्यालय को 1-0 हराकर मास्टर्स महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। अंडर 21 बॉयज ग्रुप के फाइनल में घुम्मनहेड़ा राइजर ने श्याम लाल कॉलेज को 3-2 से हरा कर खिताब जीता।



## महिला विश्व ब्लिट्ज़ चैंपियनशिप 2024: वैशाली ने नॉकआउट चरण के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क में अपने पहले 10 मैचों में से आठ जीतकर महिला विश्व ब्लिट्ज़ चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है।वैशाली दूसरे चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय भी थीं, क्योंकि हाल ही में विश्व रैपिड चैंपियन बनी कोनेरू हम्पी शीर्ष आठ में जगह बनाने से चूक गईं और 8.0/11 के साथ नौवें स्थान पर रहीं। चीन की लेई टिंगजी को छोड़कर, जो 8.5 अंकों के साथ वैशाली के बाद दूसरे स्थान पर रहीं, अन्य सभी योग्य खिलाड़ियों को हम्पी के बराबर अंक मिले। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी का टाईब्रेक सबसे खराब रहा, जिसके कारण वह क्वालीफिकेशन स्पॉट से बाहर हो गईं। दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और हरिका द्रोणावल्ली 11 राउंड में सात-सात अंक लेकर क्रमशः 18वें, 19वें और 22वें स्थान पर रहीं। प्रियान नुटक्की और पद्मिनी राउत 108 खिलाड़ियों के बीच पांच अंक लेकर 71वें और 72वें स्थान पर रहीं। भारतीयों में साहिती वर्षिनी ने 4.5 अंक लेकर सबसे खराब प्रदर्शन किया और वह 76वें स्थान पर रहीं।

## एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने यशस्वी जयसवाल

**नई दिल्ली।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच चौथे टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन हासिल की। जयसवाल ने दूसरी पारी में 340 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 208 गेंदों पर 84 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने आठ चौके लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 40.38 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस पारी के साथ ही खब्बू बल्लेबाज ने एक कैलेंडर वर्ष में 1478 रन पूरे कर लिए। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अन्य भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं जिन्होंने 2010 में 1562 रन बनाए थे, सुनील गावस्कर ने 1979 में 1555 रन बनाए थे और वीरेंद्र सहवाग ने 2008 और 2010 में क्रमशः 1462 और 1422 रन बनाए थे। हालांकि यशस्वी जयसवाल की यह मैराथन पारी काम न आई और ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 184 रनों से जीत कर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। दोनों टीमो के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।



# गावस्कर और शास्त्री ने जायसवाल को आउट दिये जाने के फैसले को गलत बताया

एजेंसी
**मेलबर्न।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के दूसरी पारी में अंतिम दिन यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर के आउट देने के फैसले गलत बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था, लेकिन गेंद उनके बल्ले के बेहद करीब से निकली और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने विकेट पीछे गेंद लपक ली। ऑस्ट्रेलिया ने जोरदार अपील की लेकिन मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस पर रिव्यू लिया और तीसरे अंपायर बंगलादेश के शफुद्दौला ने जब स्निको पर इस कैच को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था,लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के पास से डिफलेक्ट हो रही थी। तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर



भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया। इसके बाद कमेंट्री कर रहे गावस्कर ने कहा, यह फैसला पूरी तरह से गलत है। तीसरे अंपायर को पूरी तरह से साक्ष्य जुटाते हुए निर्णय देना चाहिये था। मैदानी अंपायर ने हालांकि आस्ट्रेलिया की अपील का नकार दिया था। तीसरे अंपायर को आधुनिक तकनीकी का उपयोग करते हुए अपना निर्णय देना चाहिये था। ऐसे में आप तकनीक का प्रयोग क्यों ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो में जो दिख रहा है, वह भ्रम हो सकता है।वहीं शास्त्री ने कहा, बहुत कम बार ऐसा फैसला होता है, जहां पर स्निको में कुछ नहीं दिखता और आप मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले को बदल कर आउट करार देते हैं। आज ऐसा लग रहा है कि स्निको ऑस्ट्रेलिया का छठा गेंदबाज है। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इस विवाद का पटाक्षेप करते हुए कहा, ÷मुझे नहीं पता कि मैं इस पर क्या कहूं क्योंकि तकनीक तौर पर (स्निकोमीटर) तो कुछ नहीं दिखा रहा था, लेकिन खुली आंखों से लगा कि गेंद कुछ तो छूकर गया है।

मुझे नहीं पता कि अंपायर तकनीक का कैसे उपयोग करना चाहते हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो गेंद जायसवाल के बल्ले से छूती हुई निकली थी। हालांकि कोई भी तकनीक शतप्रतिशत सही नहीं होती और ऐसा हुआ है कि हम दुर्भाग्यशाली रहे हैं और यहां नहीं भारत में भी ऐसे कई फैसले हमारे खिलाफ गए हैं।

## एसी मिलान के नए मुख्य कोच नियुक्त हुए कोन्सेइकाओ

एजेंसी
**रोम।** इतालवी सीरी ए क्लब एसी मिलान ने सर्जियो कोन्सेइकाओ को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनके पुर्तगाली हमवतन पाउलो फोंसेका के पद छोड़ने के कुछ घंटों बाद की गई है। रोमा के पूर्व कोच फोंसेका ने इस ग्रीष्मकाल में क्लब के कोच का पद संभाला था, लेकिन उनकी टीम की असंगतता के लिए आलोचना की गई थी, क्योंकि एसी मिलान एक मैच शेष रहते लीग में केवल आठवें स्थान पर है, जबकि सात बार के चैम्पियंस लीग विजेता ने यूरोपीय शीर्ष अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन अब वह लगातार चार जीत के साथ लय में है। इटली के कुछ आउटलेट्स के अनुसार, क्लब ने रविवार को रोमा के साथ एसी मिलान के सीरी ए गेम के शुरू होने से पहले ही यह निर्णय ले लिया था, जो अंततः 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। कोन्सेइकाओ ने पोर्टो की बेंच पर सात सीज़न के साथ अपना कोचिंग स्पेल शुरू करने से पहले, एक पेशेवर के रूप में लाज़ियो और इंटर मिलान के लिए खेला था। 50 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने नए क्लब के साथ जून 2026



तक का करार किया है और वह शुक्रवार को जुवेंटस के साथ सुपरकोपा इटालियाना के सेमीफाइनल में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। दिलचस्प बात यह है कि कोन्सेइकाओ के बेटे फ्रांसिस्को बियानकोनेरी की टीम में हैं।

# भारत ने फीफा महिला मैत्री मैच में मालदीव को 14-0 से हराया

एजेंसी
**बेंगलुरु।** भारत फीफा महिला मैत्री मैच में मालदीव को 14-0 से हराकर साल का शानदार समापन किया।पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में खेले गये मैच में आज भारतीय महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने हॉफ टाइम तक आठ गोल दागकर 8-0 की बढ़त बनाई थी। भारत के नवनियुक्त स्वीडिश कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने इस टीम में आठ खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दिया। जिनमें से तीन ने आक्रमण में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के आठ गोल किए। अनुभवी खिलाड़ी प्यारी जॉक्सा और नवोदित लिंडा कॉम सेर्टो ने क्रमशः तीन और चार गोल करके हैट्रिक बनाई, जबकि नेहा और काजोल डिसूजा (दो-दो), संगीता बासफोर, सोरोखैबम रंजना चानू और रिम्पा हलधर ने एक-एक गोल किया। दूसरे हॉफ में भारत ने छह गोल किये। दूसरे हॉफ में खेल फिर से शुरू होने के छह



मिनट के भीतर ही संगीता बासफोर ने नौवां गोल किया। डिफेंडर रंजना चानू ने 54वें मिनट में, काजोल डिसूजा, जिन्हें एक विकल्प के रूप में शामिल किया गया था ने (59वें और 66वें मिनट में) शानदार गोल किए। विकल्प रिम्पा हलदर ने 62वें मिनट में डिसूजा के स्ट्राइक के बीच अपना पहला गोल किया।

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अब तक की सबसे बड़ी जीत में से एक थी। इससे पहले 2010 में भारत ने बंगलादेश में सैफ चैंपियनशिप में भूटान को 18-0 से हराया था।भारत इसी मैदान पर अपना दूसरा मैच दो जनवरी 2025 को खेलेगा।

# अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच टेस्ट मैच ड्रा

एजेंसी
**बुलावायो।** अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच दोनों टीमों के ऐतिहासिक रिकार्डो के साथ ड्रा हो गया। आज यहां अफगानिस्तान ने कल के तीन विकेट पर 515 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अफगानिस्तान का चौथा विकेट 639 के स्कोर पर अफसर जजाई (113) के रूप में गिरा।

इस दौरान कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी ने भी अपना पहला दोहरा शतक पूरा किया। शहीदी ने 474 गेंदों में 21 चौके लगाते हुये (246) रन बनाये। उन्हें ब्रायन बेनेट ने आउट किया। शाहीदुल्लाह (29) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद अफगानिस्तान की पूरी टीम ताश के पत्तो की तरह ढ़ह गई। अफगानिस्तान ने 197 ओवरो में जिम्बाब्वे के खिलाफ 699 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर 113 रनों की बढ़त हासिल की।जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट ने पांच विकेट लिये। शान विलियम को दो विकेट मिले। ब्लेसिंग



मुजारबानी, ट्रेवर ग्वांडु और न्यूमैन न्यामुरी ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने 34 ओवर में बेन करन (41), जॉयलॉर्ड गंबी (24), शॉन विलियम्स (नाबाद 35) और क्रेग एर्विन (नाबाद 22) के योगदान से चार विकेट पर 142 रन बनाये।अफगानिस्तान की ओर से जहीर खान ने दो और ए एम गजनफर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। जिम्बाब्वे ने पहली पारी में शॉन विलियम्स (154), कप्तान क्रेग एर्विन (104) और ब्रायन बेनेट (नाबाद 110) रनों की पारी के दम पर 586 रनों का रिकार्ड स्कोर बनाया था।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 45 रनों से हराया

एजेंसी
**माउंट मॉन्गानुई।** मिचेल हे (नाबाद 41), मार्क चैपमैन (42) और टिम रॉबिंसन (41) की आतिशी पारियों के बाद जेकब डफी (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 45 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली हैं। मिचेल हे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड के 186 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस (10) को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। इसके बाद 10वें ओवर में जेकब डफी ने पथुम निसंका ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। पथुम निसंका



ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रन बनाये। 12वें ओवर में कामिंडु मेंडिस (10) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद श्रीलंका ने मात्र 14 रन जोड़कर अपने सात विकेट गवां दिये। 16वें ओवर में जेकब डफी ने कुसल परेरा को आउट कर श्रीलंका को चौथा झटका दिया। कुसल परेरा ने 35 गेदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली। वानिंदु हसरंगा (एक), महीश तीक्षणा (शून्य) को डफी ने आउट किया। चरित असलंका 16 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुये। अविष्का फर्नांडो (पांच) और मतीशा पतिराना (शून्य) को मैट हेनरी ने आउट किया। जैकरी फॉक्स ने 20वें ओवर में बिनुरा फर्नांडो (तीन) को आउट श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 19.1 ओवर में 141 रन पर ढ़ेर हो गई।न्यूजीलैंड की ओर से जेकब डफी ने चार ओवरों में 15 रन देकर चार विकेट लिये। मैट हेनरी और मिचेल सैंटनर ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। माइकल ब्रेसवेल और जैकरी फॉक्स को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में रचिन रविंद्र (एक) का विकेट गवां दिया। उन्हें नुवान तुषारा ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्क चैपमैन ने टिम रॉबिंसन के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की। 10वें ओवर में वानिंदु हसरंगा ने टिम रॉबिंसन को बोल्ड कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। टिम रॉबिंसन ने 34 गेंदों में तीन चौके ओर दो छक्के लगाते हुए (41) रन बनाये। इसके बाद हसरंगा ने मार्क चैपमैन को के मेंडिस के हाथों स्टंप आउट करा दिया।

## जम्मू कश्मीर के उमर अहमद की नजरें विश्व कप में खो खो का गौरव बढ़ाने पर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** अभ्यास एक आदमी को परिपूर्ण बनाता है यह आदर्श वाक्य ही जम्मू-कश्मीर के युवा खिलाड़ी उमर अहमद राथर के जीवन का आधार है। बडगाम निवासी उमर छठी कक्षा से खो खो खेल रहा है और अब आगामी खो खो विश्व कप के लिए भारतीय पुरुष टीम में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है। बर्फीले मौसम की स्थिति सहित सभी बाधाओं के बावजूद उमर अपने प्रशिक्षण दिनचर्या का बहुत ही ईमानदारी से पालन करता है। उमर अहमद का कहना है कि मैं विश्व कप के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। यह हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है और हमारा लक्ष्य देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल करना है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि भारत में खो खो विश्व कप होगा खेल को वैश्विक पहचान दिलाना गर्व की बात है कि इस आयोजन में 20 से अधिक देश भाग लेंगे। उमर एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और अन्य लोगों की तरह, वित्तीय स्थिरता जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ी के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, लेकिन वह अपने सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं और मेरे पिता मजदूरी करते हैं। कठिनाइयों के बावजूद, मेरा अंतिम लक्ष्य विश्व कप में देश का प्रतिनिधित्व करना है और यही मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।उमर राज्य के खिलाड़ियों को पेशेवर रूप से सपने देखने में मदद करने के लिए खो खो एसोसिएशन ऑफ जम्मू एंड कश्मीर और खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के आभारी हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में हमारा समर्थन करने और हमें पेशेवर रूप से खो खो खेलने के लिए एक मंच देने के लिए जम्मू-कश्मीर खो खो एसोसिएशन और भारतीय खो खो महासंघ का आभारी हूं।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हराकर सीरीज में 2-1 से अपराजेय बनाई बढ़त

एजेंसी
**मेलबर्न।** कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन 184 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से अपराजेय बढ़त बना ली। भारत चायकाल तक तीन विकेट पर 112 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की जोड़ी एक बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी तभी 59वें ओवर में ट्रेविस हैड ने पंत को मार्श के हाथों कैच आउट करा भारत को चौथा झटका दे दिया। पंत ने 30 रन बनाए। इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गयी। 63वें ओवर में रविन्द्र जडेजा (दो) को बोलैंड ने कैरी के हाथों कैच आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पांचवी सफलता दिलाई। सातवें विकेट के रुप में यशस्वी जायसवाल (84) के आउट होने के बाद मैच भारत के हाथों पूरी तरह से निकल चुका था। भारत की ओर से मात्र दो बल्लेबाज



यशस्वी जायसवाल (84) और ऋषभ पंत (30) दहाई संख्या में पहुंच सके जबकि 12 रन अतिरिक्त मिले। कप्तान रोहित शर्मा (नौ) और केएल राहुल (शून्य) एवं विराट कोहली 05 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में शतक बनाने वाले नीतीश रेड्डी दूसरी पारी में मात्र एक रन बना पाए। अन्य बल्लेबाजों में रविन्द्र जडेजा (दो) आकाश दीप (सात) कप्तान जसप्रीत बुमराह (शून्य) मोहम्मद सिराज (शून्य) पर आउट हुए वहीं वाशिंगटन सुंदर (पांच) रनों पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय टीम 79.1 ओवर में 155 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 12 साल बाद भारत से बॉक्सिंग डे टेस्ट जीता है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन, नेथन लायन ने दो, मिचेल स्टार्क, ट्रेविस हैड ने एक-एक विकेट लिया। पहली पारी में 49 रन एवं तीन विकेट तथा दूसरी पारी में तीन विकेटों के साथ 41 रनों का योगदान देने वाले पैट कमिंस को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

## लिवरपूल के साथ नए अनुबंध से दूर हैं मोहम्मद सलाह

एजेंसी
**लंदन।** लिवरपूल के फॉरवर्ड मोहम्मद सलाह का कहना है कि वह अपनी टीम को प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन मानते हैं कि वह अभी भी एक नया अनुबंध करने से दूर हैं। मिस्र के इस खिलाड़ी ने सीजन का अपना 20वां गोल किया और रविवार को वेस्ट हैम के खिलाफ लिवरपूल की 5-0 की जीत में कोडी गाकपो को दूसरा गोल करने में मदद की, जिससे वे अंक तालिका में शीर्ष पर आठ अंकों की बढ़त बना सके। हालांकि, जून के अंत में उनका अनुबंध समाप्त होने वाला है, लेकिन सलाह ने अभी तक एक नए अनुबंध के लिए सहमति नहीं दी है और जब खेल के बाद टीवी साक्षात्कार में उनके भविष्य के बारे में पूछा गया, तो मिस्र के फॉरवर्ड ने स्वीकार किया कि वह और क्लब अभी भी उससे बहुत दूर हैं। सलाह ने कहा, मैं मीडिया में कुछ भी नहीं बताना चाहता...मेरे दिमाग में बस यही बात है कि मैं चाहता हूं कि लिवरपूल लीग जीते और मैं उसका हिस्सा बनना चाहता हूं। मैं टीम को ट्रॉफी जिताने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। कुछ अन्य टीमें भी हमसे आगे निकल रही हैं और हमें अपना ध्यान केंद्रित रखना होगा और विनम्र होकर फिर से आगे बढ़ना होगा। सलाह अच्छी फॉर्म मे हैं, क्योंकि लिवरपूल ने अपना शानदार सीजन जारी रखा और रविवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड के खिलाफ 5-0 की जीत के साथ प्रीमियर लीग के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत की।

## दिग्गज भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने दो दशक के शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा

पुणे।
**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल के ध्वजवाहक सुनील छेत्री ने 2024 में अपने संन्यास की घोषणा की और दो दशकों से अधिक लंबे करियर को अलविदा कह दिया। भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखने वाले एक विनम्र लड़के से लेकर देश के सर्वकालिक सर्वोच्च स्कोरर और इसके सबसे सम्मानित फुटबॉल आइकन में से एक बनने तक, छेत्री की सर्वव्यापी सफलता वास्तव में उल्लेखनीय है। छेत्री ने 2002 में मोहन बागान के लिए अपना पेशेवर पदार्पण किया, जहाँ वे 2005 तक खेले और 18 मैचों में आठ गोल किए। हालाँकि शुरुआती साल चुनौतीपूर्ण थे, लेकिन उनकी प्रतिभा ने जल्द ही भारत भर के बड़े क्लबों का ध्यान आकर्षित किया। पिछले कुछ सालों में, छेत्री ने जेसीटी (2005-08), ईस्ट बंगाल (2008-09), डेम्पो एफसी (2009-10), चिराग यूनाइटेड (2011), मोहन बागान (2011-12), चर्चिल ब्रदर्स (2013 लोन पर), बेंगलुरु एफसी (2013-15, 2016-वर्तमान) के लिए खेला और भारतीय क्लब फ़ुटबॉल में एक घरेलू नाम बन गए।उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा 2005 में शुरू हुई, जब उन्होंने भारत के लिए पदार्पण किया और अपना पहला गोल किया। छेत्री का करियर 2008 एएफसी चैलेंज कप में एक उच्च बिंदु पर पहुंच गया, जहां ताजिकिस्तान के खिलाफ उनकी हैट्रिक ने 2011 एएफसी एशियाई कप के लिए भारत की योग्यता सुनिश्चित की। छेत्री ने विदेश में भी काम किया, 2010 में यूएसए के मेजर लीग सॉकर क्लब कैनसस सिटी विजार्ड्स और 2012-13 में पुर्तगाली क्लब स्पोर्टिंग सीपी के लिए खेला। इन अनुभवों ने उनके खेल को निखारने में मदद की और उन्हें अधिक बहुमुखी स्ट्राइकर बनाया। भारतीय राष्ट्रीय टीम के कप्तान के रूप में, छेत्री के नेतृत्व कौशल ने खूब चमक बिखेरी। उनकी कप्तानी में, भारत ने वह अनुभव किया जिसे अब देश में आधुनिक फुटबॉल का स्वर्ण युग माना जाता है, जिसमें कई सैफ चैंपियनशिप और इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीते गए। उनके निर्णायक क्षणों में से एक 2018 इंटरकॉन्टिनेंटल कप के दौरान आया, जहाँ उन्होंने सोशल मीडिया का उपयोग करके अधिक से अधिक प्रशंसकों का समर्थन प्राप्त करने की अपील की, सफलतापूर्वक हज़ारों लोगों को स्टेडियम में लाया और भारतीय फुटबॉल में रुचि बढ़ाई।

# आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला क्रिकेटर की सूची में बुमराह और मंधाना

एजेंसी
**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी वर्ष 2024 के लिए विभिन्न प्रारुपों में सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला क्रिकेटर की सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तथा श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू,दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वूलफार्ट और स्मृति मंधाना के नाम भी शामिल है। आईसीसी की आज यहां विभिन्न प्रारुपों के लिए जारी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों की सूची में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को चयन किया गया है। बुमराह ने जून में भारत को टी-20 विश्?वकप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' से नवाजा गया था। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 8.24 की बेहतरीन औसत से 15 विकेट लिए थे। बुमराह ने 2024 में टेस्ट में 14.92 की औसत से 71 विकेट लिए हैं, जिसमें उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफि बेहतरीन गेंदबाजी की और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बने और भारत के आक्रमण में तेजी लाये। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक के लिए भी यह साल बेहतरीन गया है। उन्होंने तीनों प्रारूपों में 50 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। इसके अलावा उनके साथी जो रूट को भी इस सूची में जगह मिली है, जिसमें उन्होंने 1556 टेस्ट रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक शामिल हैं। ब्रूक ने टेस्ट में 55 की औसत से 1100 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल थे। इसमें मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ लगाया यादगार तिहरा शतक भी शामिल है। उन्होंने उस मैच



में जो रूट के साथ 454 रनों की साझेदारी की थी। रूट भी इस सूची में शामिल हैं, जो हाल ही में इंग्लैंड के टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं। इस सूची में आखिरी नाम ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ट्रैविस हेड का है। जिन्होंने टी-20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पाया, जहां पर उन्होंने तीनों प्रारूपों में 1400 रन बनाए हैं। साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर सूची में श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू और दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वूलफार्ट को इस सूची में जगह मिली है। श्रीलंका की कप्तान अट्टापट्टू ने इस साल सभी प्रारूपों में 1100 रन बनाए हैं और 30 विकेट लिए हैं। जिसमें उन्होंने अपनी टीम को घरेलू दर्शकों के आगे पहला एशिया कप खिताब भी जिताया महिला एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर विराजमान वूलफार्ट के लिए 2024 शानदार रहा, जहां उन्होंने तीनों प्रारूपों में 1500 रन बनाए और उन्होंने अपनी टीम को लगातार दूसरी बार महिला टी-20 विश्वकप फाइनल में जगह दिलवाई। दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में हराने में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने 651 रन और 43 विकेट बनाए, साथ ही महिला टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफा द टूर्नामेंट भी बनी। इस सूची में आखिरी नाम ऑस्ट्रेलिया की 23 वर्षीय ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड का है। जिन्होंने फरवरी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टेस्ट का सबसे तेज दोहरा शतक बनाया। साथ ही साल के अंत में उन्होंने भारत और न्यूजीलैंड को शिकस्त देने में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पूरे साल 615 रन और 37 विकेट लिए। श्रीलंका के कमिंदु मेंडिस को भी इस सूची में जगह मिली है, जहां पर उन्होंने 74.92 की औसत से 1049 रन बनाए। इस बीच वह अपने पहले आठ टेस्ट में सभी में अर्धशतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज़ बने। साथ ही 1000 टेस्ट रन बनाने के मामले में उन्होंने 75 साल के रिकॉर्ड को भी तोड़ा।

# कमिश्नर और डीएम ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल





**आजमगढ़**
**मंडलायुक्त मनीष** चौहान एवं जिलाधिकार
नवनीत सिंह चहल द्वारा ठंड व शीतलहर को देखते हुए रोडवेज बस स्टैंड आजमगढ़, करतालपुर के पास मुसहर बस्ती एवं सदर अस्पताल में बनाए गए रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया एवं वहां की व्यवस्थाओं तथा समस्याओ के बारे में जानकारी प्राप्त कर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर अलाव जलते पाए गए। इसी के साथ ही निर्देश दिया गया कि जिन स्थानों पर अलाव नहीं जल रहें हैं, वहां पर तत्काल अलाव जलाया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता, सीओ सिटी गौरव शर्मा, तहसीलदार सदर एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## संस्कृति विभाग के सहयोग से सुर ताल संगम द्वारा अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में भव्य समारोह में संपन्न




**मशहूर गायक** स्व मोहम्मद रफी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था सुर ताल संगम ने भव्य संगीत संध्या का शानदार आयोजन किया। जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों से उत्कृष्ट गायक कलाकारों ने भाग लिया और मोहम्मद रफी के गाए नायाब गीतों को प्रस्तुत करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पांच साल से अस्सी साल की उम्र वाले गायक कलाकारों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी करके कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। जूनियर आयु वर्ग में अद्विका श्रीवास्तव ने शास्त्रीय संगीत पर आधारित अंखियां संग अंखियां लागी सुनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, युविका पांडेय ने बार बार देखो गीत पर खूबसूरत प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान पर पकड़ बनाई तथा बेहतरीन आवाज में लिखे जो खत तुझे गाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप में जहां पूजा शर्मा ने अजहूं ना आए बालमा गाकर बाजी मारी, तो वहीं रितिका श्रीवास्तव ने अहसान तेरा होगा मुझपर की प्रस्तुति से द्वितीय और दीपक दीवाना ने तेरे नाम का दीवाना सुनाकर तृतीय स्थान पर कब्जा किया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण बने अति वरिष्ठ आयु वर्ग के विभिन्न राज्यों के प्रतिभाशाली गायक कलाकार, जिन्होंने एक से बढ़कर गीतों का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुपर सीनियर ग्रुप में सुनील टुटेजा को प्रथम पुरस्कार, राकेश शर्मा को द्वितीय पुरस्कार एवं रुपेश विश्वकर्मा को तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। चेन्नई से शामिल हुए प्रतिभागी डॉ शिवशंकर को बेहतरीन गीत के लिए सुर सरताज स्पेशल परफार्मर के खिताब से नवाजा गया तथा लखनऊ निवासी डॉ रंजना दुबे को सर्वाधिक लोकप्रिय गायिका के तौर पर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई विश्व प्रसिद्ध म्यूज़िकोलाजिस्ट, लेखक एवं समीक्षक श्री के एल पांडेय, सुप्रसिद्ध पार्श्वगायिका मोनिका साईं और वाइस आफ रफी सम्मान प्राप्त मशहूर गायक मोहम्मद आरिफ ने। बतौर मुख्य अतिथि श्री अनूप श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री राकेश जायसवाल, वरिष्ठ रंगकर्मी श्री नवीन श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर फैज खुमार बाराबंकवी, पूर्व जिलाधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव, आध्यात्म विद श्री बलदाऊ जी, संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर डॉ जया श्रीवास्तव, मुख्य संरक्षक सहर जावेद फारूकी सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं और उप विजेताओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान कर सम्मानित किया। इस अनुपम आयोजन का कुशल संचालन मुंबई से पधारीं लोकप्रिय गायिका आद्या श्रीवास्तव ने किया।

## उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरीश आज हुए सेवानिवृत्त

**31 दिसंबर 2024** को विभाग से हरीश आज सेवानिवृत हुए उन्होंने अपने जीवन काल में संघ के यूनियन में महामंत्री के पद पर एवं ट्रस्ट विभागीय ट्रस्ट में ट्रस्ट सदस्य के रूप में 40 वर्षों सेवा दी और विभाग के कार्यक्रमों में बढ़-कर कर हिस्सा लेते हुए अपने वरिष्ठ अधिकारियों एवं संगठन के पदाधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करने का भी कार्य किया।।

इसके साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अपना कीमती समय दिया अब समाज सेवा की तरफ आकर्षित होने जा रहे हैं ।

आज समाज ने उनको विभाग के गेट पर हाथों-हाथ लिया और उन्हें पूरा जीवन सेवा करने का भरोसा दिलाया है अपने जीवन में उन्होंने पर्यावरण समाज सेवा को वरीयता दी अपने निष्ठा से अपने कार्य को पूरा किया समाज की तरफ से उनको रिसीव करने वालों में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मलिहाबाद सोनू कनौजिया जो कनौजिया सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं बाराबंकी से महेश, रविंद्र कनौजिया, मनोज कनौजिया, राकेश कनौजिया, सत्य प्रकाश सीनियर इंजीनियर हैं, सुपरीटेंडेंट अमित कनौजिया, राजकुमार कनौजिया, गौरव कनौजिया, रामकुमार कनौजिया, मदन कनौजिया, मनोज चौधरी,अशोक कनौजिया पत्रकार सभी ने पूरे जोश के साथ हरीश धोबी वाला का स्वागत किया। सेवानिवृत के दौरान विभाग के पदाधिकारी कर्मचारी और परिवार के लोग भी उपस्थित रहे।

हरीश धोबीवाला ने मीडिया को बताया कि सेवानिवृत होने के बाद मैं समाज के हक अधिकार की आवाज उठाने के लिए स्वतंत्र हूं। चाहे राजनीति में जाना पड़े तो जाऊंगा।

## आम की फसल पर सूक्ष्म पोषक तत्वों के पर्णीय अनुप्रयोग से फलों की गुणवत्ता में होता है सुधार: महेंद्र प्रताप

**गाजीपुर।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी में कृषि संकाय के उद्यान विभाग के शोधार्थी महेंद्र प्रताप ने अपने शोध प्रबंध शीर्षक " सूक्ष्म पोषक तत्वों के पर्णीय अनुप्रयोग का आम की प्रजाति आम्रपाली के उपज और गुणवत्ता पर प्रभाव" नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि आम की फसल पर सूक्ष्म पोषक तत्वों का पर्णीय अनुप्रयोग (फॉलियार अप्लीकेशन) महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे जिंक (ल्ल), बोरॉन (इ), आयरन (त्री), मैंगनीज (ट्लल), और कॉपर (उ४) आदि, पौधों के समग्र विकास, फूलों की संख्या, फलों की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारूकी .

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में बीडीओ ने कसे सचिवों के पेंच

**भांवरकोल/ गाजीपुर।** स्थानीय विकासखंड सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में खंड विकास अधिकारी ने सचिवों के कसे पेंच। बैठक में खंड विकास अधिकारी कमलेश यादव ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में कोई भी शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, सामुदायिक शौचालयों के निर्माण हर हाल में समयावधि में पूरा करें। उन्होंने पंचायतों में सभी पंचायत भवनों के कार्यालयों को पुरी सक्रियता से संचालन करें।

जिससे उसका लाभ ग्रीमीण उठा सकें। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालयों को समय से खोला जाए ताकि आम ग्रामीण उसका शत प्रतिशत उपयोग कर सकें। उन्होंने गांवों में आवास के छूटे पात्र लोगों को घर- घर जाकर सूचिबद्ध कर उनका जीयो टैकिंग सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि पंचायतों में अधूरे पड़े आरआर सी सेंन्टरों का निर्माण शीघ्र पुरा करें। जिन पंचायतों में भूमि उपलब्ध नहीं है वहां प्रधानों एवं राजस्व अधिकारियों से मिलकर भूमि उपलब्ध कराकर हर हाल में निर्माण सुनिश्चित करें। इसमें कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।इस मौके पर सीडीपीओ एजाज अहमद, एडीओ आईएसबी राजेंद्र कुमार, सचिव शोमनाथ शुक्ल, महताब आलम, राजकुमार यादव, पंकज त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र यादव, राधेश्याम यादव,परवेज अहमद, बृजेश कुमार, शशिकान्त सहित सभी सचिव मौजूद रहे।

## उद्योग बन्धु की बैठक में 100 लाभार्थियों को लाभान्वित करने का रखा गया लक्ष्य



**आजमगढ़ 31 दिसम्बर--** **मुख्य** विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कौशल प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने हेतु मुख्य मंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिससे 15 जनवरी, 2025 तक 100 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एम.ओ.यू. की विभागवार समीक्षा की गयी और निर्देश दिया गया कि सभी विभाग अपने-अपने विभाग के अन्तर्गत हस्ताक्षरित एम.ओ.यू. को धरातल स्तर पर क्रियान्वित करने हेतु सभी इन्वेस्टर्स की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करायें, ताकि अधिक से अधिक संख्या में परियोजनायें संचालित हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही रोजगारपरक ऋण योजनाओं एवं भारत सरकारी की महत्वाकांक्षी पी.एम. विश्वकर्मा योजनांतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराये जाने के निर्देश दिये गये, जिसमें कि उद्योग विभाग के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में सी.एम. डैशबोर्ड में आच्छादित

योजनाओं में ए कटेगरी प्राप्त है, जिसे आगे भी यथावत बनाये रखने के निर्देश दिये गये। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त विभिन्न विभागों के प्रकरणों को समयांतर्गत निस्तारित कराये जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गये, ताकि जनपद की ई0ओ0 डी0बी0 रैंक सम्मानजनक स्तर पर बनी रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में अनुपस्थित पाये गये अधिकरियों पर नाराजगी व्यक्त की गयी और उनके स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। बैठक में विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम अनुपस्थित पाये गये।

अन्त में अध्यक्ष द्वारा नव वर्ष की शुभकामना देते हुए सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, उपायुक्त उद्योग एसएस रावत, एलडीएम, सहायक निदेशक (सेवा0) सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं व्यापारी/उद्यमी बन्धु उपस्थित रहे।

## नए साल के स्वागत में शहर में सज गए गुलदस्तों के स्टॉल

**बहराइच। नए** साल के स्वागत की शहर में व्यापक तैयारियां की गई है शहर के विभिन्न स्थानों पर जहां गुलदस्तों के स्टॉल सज गए हैं, वहीं होटल तथा रिसोर्ट में नए साल का जश्न मनाने की व्यापक तैयारी की गई है। डीएफओ कतर्नियाघाट की ओर से जारी नए आदेश में वन्य सेंचुरी को पर्यटकों के लिए मंगलवार को बंद कर दिया गया है ऐसे में स्थानीय स्तर पर जश्न मनाने वालों की भीड़ बढ़ गई है।वर्ष 2024 की विदाई तथा वर्ष 2025 के आगमन की तैयारी को लेकर शहर के युवाओं में खासा उत्साह है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी आज के दिन शराब की दुकानों को खोलने का समय 1 घंटे बढ़ा दिया है अब तक जो दुकान रात को 10:00 बजे बंद हो जाती थी उन्हें मंगलवार को 11:00 तक खोल रखे जाने की अनुमति है। नए साल में एक दूसरे को शुभकामना संदेश देने के लिए रंगीन तथा खुशबूदार फूलों के गुलदस्तों का स्टाइल शहर के अस्पताल चौराहा पानी टंकी चौराहा डीएम चौराहा पीपल तिराहा घंटाघर चौक छावनी चौराहा अग्रसेन चौक समेत अन्य स्थानों पर सजे हुए हैं। शहर के नाकों पर स्थित रिसोर्ट में नए साल के स्वागत का जस्ट मनाने के लिए पाश्चात्य संस्कृति के आधार पर तैयारियां शुरू की गई है कैंप फायर के साथ-साथ मधुर संगीत की भी व्यवस्था है।नए साल का जस्ट मनाने को लेकर युवाओं के बढ़ते उत्साह को देखते हुए पुलिस की ओर से भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिस की गश्ती टीम को इस बात के लिए अलर्ट किया है कि वह मध्य रात्रि तक विशेष सतर्कता बरतें और किसी को भी नया साल का जश्न मनाने की उतनी आजादी नहीं मिलनी चाहिए जिससे किसी दूसरे की सुरक्षा या आजादी में बाधा उत्पन्न हो।

## ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौके पर मौत

**बहराइच। थाना** क्षेत्र कैसरगंज अंतर्गत लखनऊ बहराइच राजमार्ग स्थित पवही के निकट ट्रैक्टर चालक के साथ ट्रैक्टर पर बैठ कर जा रहा था कि अचानक ट्रैक्टर पर बैठा युवक गिर गया जिससे उसकी ट्रैक्टर के पहिए चढ़ जाने से ।

## नववर्ष की पूर्व संध्या पर डीएम ने जरूरतमन्दों को बांटे कंबल

**बहराइच। मुख्य**मंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित चिकित्सालय में संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## ग्रामीण ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का किया शिकार, डीएफओ ने कहा जेल भेजा जाएगा आरोपी

**बहराइच। जिले के रेहु**आ मंसूर गांव निवासी एक व्यक्ति ने मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार कर दिया। इसका कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वन विभाग की ओर से आरोपित को जेल भेजने की बात कही जा रही है।

राम गांव थाना क्षेत्र के सदर रेंज के रेहुआ मंसूर गांव में मंगलवार सुबह गन्ने के खेत में मोर आ गया। ग्राम पंचायत के मजरा बेहननपुरवा गांव में आए राष्ट्रीय पक्षी मोर का गांव निवासी हाफिज अली नाम के ग्रामीण ने शिकार कर लिया। इसके बाद उसके टुकड़े करने लगा। मौके पर पहुंचे लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी डीएफओ अजीत प्रताप सिंह को दी गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीण ने मोर का शिकार किया है। उसके विरुद्ध रेंज केस दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। गांव के शिक्षित ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। मोर को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया है। इसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए। ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक से जुड़े सभी का सम्मान होना चाहिए। इसके लिए गांव से लेकर शहर तक जागरूकता अभियान भी चलाया जाना चाहिए।

## नए साल का जश्न मनाने कतर्निया घाट पहुंचे पर्यटकों को डीएफओ के आदेश ने चौंकाया

**बहराइच। नए** साल का जश्न मनाने कतर्नियाघाट पहुंचे पर्यटकों को डीएफओ के एक आदेश से जोर का झटका धीरे से लगा। डीएफओ के इस आदेश के तहत अब हर मंगलवार को कतर्नियाघाट में पर्यटन केंद्र बंद रहेगा। ऐसे में मंगलवार को कतर्नियाघाट पूरी तैयारी के साथ पहुंचे पर्यटकों में घोर निराशा देखी गई।

मालूम हो कि पिछले सत्र में हर मंगलवार को कतर्नियाघाट में पर्यटकों का प्रवेश बंद था लेकिन पर्यटन के इस सत्र में 6 नवम्बर को कतर्नियाघाट में उद्घाटन के दौरान वन मंत्री अरुण सक्सेना ने यह आदेश दिया था कि अब पर्यटकों के लिए मंगलवार को भी पर्यटन खुला रहेगा ताकि दूर दराज से जंगल घूमने आने वाले पर्यटकों को निराश न लौटना पड़े। मंत्री के इस बयान के बाद बाद से कतर्नियाघाट पर्यटन के इस सत्र में मंगलवार को भी पर्यटकों के लिए कतर्नियाघाट के कपाट खोले जा रहे थे। लेकिन अब अचानक डीएफओ के एक आदेश से पर्यटकों और वन महकमें में उथलपुथल मच गई है। डीएफओ बी शिव शंकर ने आज अचानक सुबह यह आदेश जारी कर दिया है कि अब पहले की तरह हर मंगलवार को कतर्नियाघाट पर्यटकों के लिए बंद रहेगा।

## डॉ. शशिकांत राय ने भेंट किया आरोग्य सम्पदा की पुस्तिका



**जनादेश टुडे**
**नैनी, प्रयागराज।** जिले का सुप्रसिद्ध पंचकर्मा थेरेपी सेंटर सिविल लाइन्स के डायरेक्ट डॉ. शशि कांत राय ने अपने सेंटर पर क्वांटिसज कंसलटिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के ऑनर धीरज सिंह चंदेल एवं माँ माधुरी वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष देवाशीष श्रीवास्तव को आरोग्य सम्पदा की पुस्तिका भेंट की। साथ ही डॉ. शशिकांत राय ने बताया की पंचकर्मा थेरेपी से रोग दूर होने का अधिकांश चांस होता हैं। साथ ही उन्होंने पंचकर्मा थेरेपी का विस्तार से गुणगान किया। साथ ही अपने यहां होने वाली थेरेपी के बारे में अवगत कराया। धीरज सिंह और देवाशीष श्रीवास्तव ने नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनायें दी। साथ ही कई अन्य विषयो पर भी मंथन किया गया। आपको बता दें की मंगलवार को क्वांटिसज कंसलटिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के ऑनर धीरज सिंह चंदेल एवं माँ माधुरी वेलफेयर फाउण्डेशन के अध्यक्ष देवाशीष श्रीवास्तव, सिविल लाइन्स स्थित सुप्रसिद्ध पंचकर्मा थेरेपी सेंटर के डायरेक्ट डॉ. शशि कांत राय से शिष्टाचार मुलाकात करने पहुचे। जहाँ पर डॉ. शशिकांत राय से थेरेपी के उपयोगिता के बारे में गहन चर्चा हुई।

## लखनऊ पहुंचा बप्पा जी गर्ल्स इंटर कालेज की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण दल

**बहराइच। जि**ले के ग्राम सभा चफरिया स्थित बप्पा जी गर्ल्स इंटर से छात्रों का 70 सदस्यीय दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यालय के प्रबंधक डॉ आशिक अली व प्रधानाचार्या गुलिस्ता अंसारी के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ में स्थित एशिया के सबसे बड़े जनेश्वर मिश्र पार्क के लिए रवाना हुआ। इस दल में बच्चों के साथ उनके कक्षाध्यापक भी रहे जो अपनी-अपनी टोली बनाकर बच्चों को पार्क के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताते रहे। बच्चों ने प्रकृति की वादियों में पिकनिक मनाया और आनन्दित हुए। टूर के संयोजक आमिर खान व अनिकेत जायसवाल ने बताया ग्रामीण परिवेश के इन बच्चों को ले आकर हम सभी विद्यालय परिवार गौरवान्वित हैं। बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान दिख रही, वह हम लोगों के लिए पुरस्कार है। बच्चों ने भ्रमण से विभिन्न लोगों का रहन सहन, खान पान, जैव विविधता और आधुनिक शहरीकरण को नजदीक से देखा। साथ ही साथ बच्चों ने दुर्लभ व विलुप्त हो चुके जन्तुओं के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। शैक्षिक भ्रमण में संजय सिंह, विनोद कुमार, साक्षी अवस्थी, रफीउल्ला खान, प्रमोद कुमार, गोविंद सोनी, सुरेंद्र कुमार, जगजीत सिंह, मोनू वर्मा ने सहयोग दिया और पूरे भ्रमण के समय बच्चों के साथ रहे।

## पुलिस विभाग के 5 कम्प्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-ए) मुख्य आरक्षी से (ग्रेड-बी) सहायक उपनिरीक्षक (एम) पद पर प्रोन्नत

**बहराइच। पुलि**स विभाग में कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड-ए) पद पर तैनात 05 कम्प्यूटर आपरेटर को ऑपरेटर (ग्रेड-बी) सहायक उपनिरीक्षक(एम) पद पर प्रोन्नत किया गया है। इस आशय की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने उन्हें स्टार व बैज लगाकर नए को भी कुशलतापूर्वक निर्वहन की शुभकामनाएं दी।पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि सहायक उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव(सीसीटीएनएस),सहायक उ0नि0 सचिन कुमार सिंह (क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कार्यालय),सहायक उ0नि0 संतोष कुमार प्रजापति (क्षेत्राधिकारी नानपारा कार्यालय),सहायक उ0नि0 विनय प्रकाश (क्षेत्राधिकारी महसी कार्यालय) तथा सहायक उ0नि0 सतीश कुमार (थाना विशेश्वरगंज) को विभाग की ओर से प्रोन्नति प्रदान की गई है।पुलिस अधीक्षक ने इन पुलिस कर्मियों को लगन व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक प्रियंका यादव के साथ साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रोन्नत प्राप्त पुलिस कर्मियों को नए दायित्व के सफलता पूर्वक निर्वहन की शुभकामनाएं दीं ।

## स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में लम्बित वादों के निस्तारण हेतु लागू हुई समाधान योजना

**बहराइच। उत्त**र प्रदेश शासन द्वारा स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में लम्बित वादों के निस्तारण हेतु समाधान योजना लागू की गई है जो 26 दिसम्बर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी।यह जानकारी सहायक आयुक्त स्टाम्प, एसबी चन्द्रा ने दी उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जनपद स्तरीय स्टाम्प कलेक्टर न्यायालयों एवं सीसीआरए के पीठासीन अधिकारियों के न्यायालयों में लम्बित समस्त स्टाम्प वादों/स्टाम्प अपीलों एवं स्टाम्प निगरानियों में मात्र रू. 100 के टोकन अर्थदण्ड के साथ वादों का निस्तारण कराने का सुअवसर प्रदान किया गया है। समाधान योजना के लागू होने के बाद अब वाद में निहित मूल राजस्व की कमी एवं नियमानुसार देय ब्याज में रू. 100 का टोकन अर्थदण्ड जोड़कर वादों का निस्तारण किया जा सकेगा।

## परिवार परामर्श केंद्र के प्रयास से साथ रहने को राजी हुए नाराज दंपति, टूटने से बचा एक परिवार

**बहराइच। पुलिस** कार्यालय स्थित ह्यपरिवार परामर्श केन्द्रह्न द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 01 दंपति में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया गया।

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में वर्ष के आखिरी दिन मंगलवार को आवेदिका की ओर से आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया । परिवार परामर्श केन्द्र से उप निरीक्षक रमाशंकर मिश्रा, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, महिला कांस्टेबल निशी त्रिवेदी, छाया द्विवेदी, अनन्या सिंह तथा सविता मिश्रा द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी